2024-25

BIHAR STET

SOCIAL SCIENCE

SOLVED PAPERS

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

# बिहार STET

## माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा

# सामाजिक विज्ञान

इतिहास | भूगोल | राजनीति विज्ञान | अर्थशास्त्र

- 18/09/2023 Shift - 6 (10 AM)
- 08/09/2023 Shift - 5 (10 AM)
- 07/09/2023 Shift - 4 (03 PM)
- 07/09/2023 Shift - 3 (10 AM)
- 06/09/2023 Shift - 2 (03 PM)
- 06/09/2023 Shift - 1 (10 AM)
- 18/09/2020 Shift - 1
- 17/09/2020 Shift - 3
- 17/09/2020 Shift - 2
- 17/09/2020 Shift - 1
- 16/09/2020 Shift - 3
- 16/09/2020 Shift - 2
- 16/09/2020 Shift - 1
- 15/09/2020 Shift - 3
- 15/09/2020 Shift - 2
- 15/09/2020 Shift - 1
- 28/01/2020

## माध्यमिक स्तर

कक्षाः IX–X के शिक्षक हेतु

# सॉल्व्ड पेपर्स

नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित

विस्तृत व्याख्या सहित हल एवं आयोग की संशोधित ANSWER-KEY द्वारा प्रमाणित

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

# माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा

# BIHAR STET

# सामाजिक विज्ञान

## माध्यमिक स्तर (कक्षा IX से X ) शिक्षक हेतु

# सॉल्व्ड पेपर्स

**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**लेखन सहयोग**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण त्रिपाठी एवं आशीष गिरि

**सम्पादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com**

**© All rights reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

**मूल्य : 495/-**

# विषय-सूची

■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 18.09.2023 (Shift-VI)][Time - 10:00 AM-12.30 PM] ------------------------------------ 3-12
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 08.09.2023 (Shift-V)][Time - 10:00 AM-12.30 PM] ------------------------------------13-21
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 07.09.2023 (Shift-IV)][Time - 03:00 PM-05.30 PM]------------------------------------22-30
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 07.09.2023 (Shift-III)][Time - 10:00 AM-12.30 PM] ----------------------------------31-41
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 06.09.2023 (Shift-II)][Time - 03:00 PM-05.30 PM]--------------------------------------42-51
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 06.09.2023 (Shift-I)][Time - 10:00 AM-12.30 PM] -------------------------------------52-60
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 18-09.2020 (Shift-I) ----------------------------------------------------------------------61-85
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 17.09.2020 (Shift-I)]--------------------------------------------------------------------- 86-116
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 17.09.2020 (Shift-II)]-------------------------------------------------------------------117-140
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 17.09.2023 (Shift-III)]------------------------------------------------------------------141-164
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 16.09.2020 (Shift-I)]--------------------------------------------------------------------165-191
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 16.09.2020 (Shift-II)]-------------------------------------------------------------------192-218
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 16.09.2020 (Shift-III)]------------------------------------------------------------------219-247
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 15.09.2020 (Shift-I)]--------------------------------------------------------------------248-271
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 15.09.2020 (Shift-II)]-------------------------------------------------------------------272-295
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 15.09.2020 (Shift-III)]------------------------------------------------------------------296-323
■ बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (सामाजिक विज्ञान)
[Exam. Date - 28.01.2020--------------------------------------------------------------------------------324-336

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा Bihar STET

# सामाजिक विज्ञान

**[Exam. Date - 18.09.2023 (Shift-VI)]** **[Time - 10:00 AM-12:30 PM]**

**1. हल्के और तेज चलने वाले जहाज कैरावल को किसने बनाया था?**

(a) पुर्त्तगालियो ने (b) यूनानियो ने
(c) डचो ने (d) जापानियो ने

**Ans. (a) :** पुर्तगालियों ने एक नई किस्म के हल्के और तेज चाल से चलने वाले जहाल कैरावल का निर्माण किया था।

**2. भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना कब हुई?**

(a) 1664 (b) 1498
(c) 1600 (d) 1602

**Ans. (c) :** भारत में अंग्रेजों का आगमन डचों के बाद हुआ। हाँलाकि ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना डच ईस्ट इंडिया कंपनी से पहले ही हो चुकी थी। ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना 1599 ई. में हुआ था जिसे इग्लैण्ड की महारानी एलिजाबेथ प्रथम ने 31 दिसम्बर 1600 ई. में एक आज्ञापत्र द्वारा इसे 15 वर्षो के लिए पूर्वी देशों के साथ व्यापार करने का एकाधिकार प्रदान किया।

**3. उत्तम आशा अंतरीप की खोज किसने की?**

(a) कोलम्बस (b) वास्कोडिगामा
(c) मैग्लेन (d) बार्थोलोमियो डियाज

**Ans. (d) :** उत्तमाशा अंतरीप (केप ऑफ गुड होप) की खोज वर्ष 1488 में बार्थोलोमियों डियाज (पुर्तगाल) ने किया था। पुर्तगाली इस मार्ग से होते हुए भारत पहुँचे थे। भारत उस समय यूरोप में मसालों का महत्त्वपूर्ण स्रोत था।

**4. सर्वप्रथम कॉमन सेंस की रचना किसने की थीं?**

(a) वाशिंगटन (b) लफायते
(c) टॉमस पेन (d) जैफर्सन

**Ans. (c) :** सर्वप्रथम कॉमन सेंस की रचना टॉमस पेन ने की थी। टॉमस पेन इंग्लैण्ड का राजनीतिक कार्यकर्ता, दार्शनिक और राजनीतिक सिद्धांतकार था। उसने कॉमन सेंस और अमेरिकन क्राइसिस नामक पुस्तक की रचना किया था। इसके विचार मानव अधिकारों के प्रबुद्धता युग के आदर्शों को दर्शाते है। इसके विचारों ने अमेरिकी क्रांति को भी प्रभावित किया था।

**5. अमेरिका स्वतंत्रता संग्राम की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि क्या थी?**

(a) जार्ज तृतीय का पतन
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका का उदय
(c) विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की मिलना
(d) गणतंत्रात्मक व्यवस्था का पहला प्रयोग

**Ans. (d) :** अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम की सबसे महत्व पूर्ण उपलब्धि गणतंत्रात्मक व्यवस्था का पहला प्रयोग था। अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम 1776 ई. में हुआ था तथा इसने अमेरिका के मूलभूत राजनीतिक ढाँचे को ही बदल दिया और अमेरिका एक गणराज्य घोषित हुआ तथा अमेरिका में विश्व की प्रथम गणतंत्रात्मक व्यवस्था स्थापित हुई।

**6. इंग्लैंड की 'गौरवपूर्ण क्रांति' कब हुई थी?**

(a) 1688 (b) 1788
(c) 1689 (d) 1789

**Ans. (a) :** इंग्लैण्ड की गौरवपूर्ण क्रांति 1688 ई. में हुई थी। गौरवपूर्ण क्रांति को रक्तहीन क्रांति के नाम से जाना जाता है क्योंकि यह शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई थी। इंग्लैण्ड का राजा बदला, इंग्लैण्ड की शासन व्यवस्था बदली पर कहीं खून का एक कतरा भी नहीं गिरा। इंग्लैण्ड के राजा जेम्स II द्वारा संसदीय सम्प्रभुता को चुनौती देने के फलस्वरूप इंग्लैण्ड में 1688 की क्रांति हुई थी।

**7. जनजातियों की सर्वाधिक आबादी कहाँ है?**

(a) अफ्रीका (b) भारत
(c) नेपाल (d) चीन

**Ans. (a) :** अफ्रीका में जनजातियों की सर्वाधिक आबादी है। अफ्रीका को जनजाति महाद्वीप के रूप में जाना जाता है।' अफ्रीका की कुछ प्रमुख जनजातियों हैं- कंजर, डोगोन, योरूबा, मबेगा।

**8. पहला संस्थाली जिसने अंग्रेजों पर हथियार उठाया था।**

(a) सिद्धू (b) कान्हू
(c) तिलका माँझी (d) बिरसा मुंडा

**Ans. (c) :** पहला संथाली जिसने अंग्रेजों पर हथियार उठाया था वह तिलका मांझी था। तिलका मांझी का जन्म 1750 ई. में हुआ था। तिलका मांझी संथालों के लिए अंग्रेजो से लड़ाई लड़ने में कभी पीछे नहीं हटे। संथाल जनजाति के लोग राजमहल की पहाड़ी के जंगलों में जीवन-यापन करते थे और जब अंग्रेजों ने उसे हस्तगत करना चाहा तो तिलका मांझी के नेतृत्व में विद्रोह हो गया।

**9. चुआर विद्रोह कब शुरू हुआ?**

(a) 1771 ई. (b) 1772 ई.
(c) 1871 ई. (d) 1872 ई.

**Ans. (a) :** चुआर विद्रोह की शुरूआत 1771ई. में हुई थी। 1774 ई. में धलभूम के राजा जगन्नाथ धल के नेतृत्व में चुआरों ने बहरागोड़ा और नरसिंह गठ के सभी तथा हल्दीपोखर के 2 गाँवो को आग के हवाले कर दिया। 1782-84 में मंगल सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इस विद्रोह का नेतृत्व किया था। अंततः इस विद्रोह को अंग्रेजों ने दबा दिया।

**10. बस्तर आंदोलन में किसकी भूमिका प्रमुख थी?**

(a) मंगल पांडे (b) जतरा भगत
(c) शिबू सोरेन (d) गुंडाधुर

**Ans. (d) :** आजादी के गुमनाम नायकों में से एक रहे बस्तर के गुंडाधुर ने 1910 ई. में आदिवासियों की धरती को बचाने के लिए अंग्रेजों के विरूद्ध 'भूमकाल' आंदोलन का नेतृत्व किया और अंग्रेजों द्वारा तमाम छल-बल अपनाने के बावजूद वे कभी पकड़े नहीं गए। इस आंदोलन की नींव 1891 ई. में पड़ी जब अंग्रेजों ने बस्तर के तत्कालिन राजा के चाचा को दीवान पद से हटा दिया था।

**11. कोल विद्रोह कब हुआ?**

(a) 1831-32 (b) 1832-33
(c) 1834-35 (d) 1836

**Ans. (a) :** 1831-32 ई. के दौरान कोल विद्रोह हुआ जिसका नेतृत्व बुद्धो (बुद्धू) भगत ने किया था। कोल विद्रोह की विशेषता यह थी कि कोल आदिवासी अकेले नहीं लड़ते थे बल्कि उनके साथ होंस, ओराव और मुंडा जैसे अन्य आदिवासी भी लड़ते थे। कोल विद्रोह ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा शुरू किए गए शोषण का ही एक प्रतिफल था।

**12. इनमें कौन कोल विद्रोह में शामिल था?**

(a) रानी सिरोमनी (b) चुडामन राय
(c) बुद्धू भगत (d) भैरव

**Ans. (c) :** कोल विद्रोह का नेतृत्व बुद्धू भगत ने किया था। यह विद्रोह 1831-32 ई. में हुआ था। यह विद्रोह कंपनी द्वारा शुरू किए गए शोषण की प्रक्रिया का परिणाम थी। अंग्रेजों के खिलाफ हुए आदिवासी विद्रोह में यह सबसे सशक्त विद्रोह था। हाँलाकि आधुनिक उपकरणों से लैश अंग्रेजों ने इस विद्रोह को अन्ततः दबा दिया।

**13. ------ को धान के रूप में भी जाना जाता है-**

(a) गेहूं (b) ज्वार
(c) चावल (d) बाजरा

**Ans. (c) :** चावल धान के रूप में भी जाना जाता है। चावल उष्ण कटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय प्रदेश का मुख्य आहार है। चावल के लिए उच्च तापमान अधिक आर्द्रता एवं वर्षा की आवश्यकता होती है। चावल फसल के लिए चीकायुक्त जलोढ़ मृदा सर्वाधिक उपयुक्त है।

**14. निम्नलिखित में से कौन सा देश चावल का प्रमुख उत्पादक है?**

(a) चीन (b) पाकिस्तान
(c) मलेशिया (d) मिस्र

**Ans. (a) :** चीन चावल का प्रमुख उत्पादक है। विश्व के 3 सर्वाधिक चावल उत्पादक देश इस प्रकार हैं-
1. चीन
2. भारत
3. बांग्लादेश

**15. भारत में कुल फसल उत्पादन क्षेत्र का कितना प्रतिशत तिलहन से आच्छादित है?**

(a) 21 (b) 12 (c) 2 (d) 4

**Ans. (*) :** भारत में कुल फसल उत्पादन का 22.34 प्रतिशत क्षेत्र तिलहन के अन्तर्गत आता है। भारत में तिलहन का सर्वाधिक उत्पादन राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं गुजरात में किया जाता है।
**नोट-** अतः कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**16. निम्नलिखित में से कौन खरीफ फसलों का उदाहरण है?**

(a) चावल (b) गेहूं
(c) चना (d) मटर

**Ans. (a) :** चावल खरीफ फसलों का उदाहरण है। खरीफ की फसलें अधिकतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के साथ बोई जाती हैं। खरीफ की प्रमुख फसले हैं- चावल, कपास, जूट, ज्वार, बाजरा आदि। रबी की ऋतु अक्टूबर-नवंबर में शरद ऋतु से प्रारंभ हो कर मार्च-अप्रैल में समाप्त होती हैं। रबी की प्रमुख फसलें हैं- गेहूँ, चना, तोरई, सरसों व जौ।

**17. निम्नलिखित में से कौन कृषि की एक प्रणाली का वर्णन करता है, जहाँ एक बड़े क्षेत्र में एक ही फसल उगाई जाती है?**

(a) स्थानांतरण कृषि (b) वृक्षारोपण कृषि
(c) बागवानी (d) गहन कृषि

**Ans. (b) :** वृक्षारोपण कृषि, कृषि की एक प्रणाली का वर्णन करता है, जहाँ एक बड़ें क्षेत्र में एक ही फसल उगाईं जाती है। इसके लिए आधुनिक मशीनरी (बीजारोपण व कटाई के लिए) और निश्चित रूप से कर्मियों के लिए पूंजी की आवश्यकता होती है। इसके अन्तर्गत कपास, चाय, काफी, केला इत्यादि की कृषि की जाती है। इस प्रकार की कृषि विश्व में उष्णकटिंबधीय और उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में की जाती है।

**18. निम्नलिखित में से कौन सी फाइबर फसल है?**

(a) रबड़ (b) जूट
(c) टमाटर (d) कॉफी

**Ans. (b) :** जूट फाइबर फसल है। जूट को सुनहरा रेशा कहा जाता है। जूट की फसल बाढ़ के मैदान में जलनिकाश वाले उर्वरक मिट्टी में उगाई जाती है। यह फसल उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में उगाई जाती है।

**19. लीग ऑफ नेशंस की कमजोरियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?**

(a) आर्थिक प्रतिबंध लगाने में लीग की अक्षमता ने इसे पंगु बना दिया।
(b) क्योंकि प्रथम विश्व युद्ध के हारने वाले पक्ष से बहुत कम राष्ट्र शामिल हुए, इसमें वैधता का अभाव था।
(c) लीग के पास कोई सैन्य बल नहीं था, और उसे सैनिकों के लिए सदस्य राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता था।
(d) लीग को किसी भी अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप के लिए केवल एक तिहाई अनुमोदन की आवश्यकता थी।

**Ans. (a) :** आर्थिक प्रतिबंध लगाने में लीग की अक्षमता ने इसे पंगु बना दिया। लीग ऑफ नेशंस की कमजोरियों के बारे में सत्य है।

**20. यूएनओ को किस वर्ष नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?**

(a) 1975 (b) 1999
(c) 2001 (d) 2006

**Ans. (c) :** यूएनओ को वर्ष 2001 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**21. संयुक्त राष्ट्र संघ की कितनी आधिकारिक भाषाएँ हैं?**

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 4

**Ans. (b) :** संयुक्त राष्ट्र संघ की 6 आधिकारिक भाषाएँ हैं।

**22. राष्ट्र संघ के चार्टर सदस्य कितने राष्ट्र थे?**

(a) 54 (b) 48
(c) 42 (d) 60

**Ans. (c) :** राष्ट्र संघ में चार्टर सदस्यों की संख्या 42 थी। प्रथम विश्व युद्ध के बाद विश्व शांति की स्थापना के लिए राष्ट्र संघ की स्थापना की गयी थी। पेरिस शांति सम्मेलन में राष्ट्र संघ के संविधान को तैयार करने का कार्य विल्सन की अध्यक्षता में 19 प्रतिनिधियों की एक समिति को सौंपा गया था। 10 जनवरी 1920 को राष्ट्र संघ का संविधन लागू कर दिया गया।

**23. ऊपरी सिलेसिया जर्मन और पोल्स दोनों द्वारा आबादी वाला क्षेत्र था। राष्ट्र संघ ने जर्मनी और पोलैंड के बीच अपर सिलेसिया के मुद्दे का समाधान कैसे किया?**

(a) डिड नथिंग
(b) पोलैंड को पुरस्कार दिया
(c) क्षेत्र को विभाजित किया
(d) जर्मनी को सम्मानित किया

**Ans. (c) :** उपरी सिलेसिया जर्मन और पोल्स दोनों द्वारा आबादी वाला क्षेत्र था। राष्ट्र संघ ने जर्मनी और पोलैण्ड के बीच अपर सिलेसिया के मुद्दे पर समाधान क्षेत्र को विभाजित करके किया। राष्ट्र संघ ने अपने 20 वर्ष के कार्यकाल में जो कार्य किए वे ऐतिहासिक महत्व के थे। राष्ट्र संघ के माध्यम से लोग यह समझ सके की बिना युद्ध के शांति स्थापित किया जा सकता है।

**24. रॉलेट कानून किस वर्ष पारित किया गया था?**

(a) 1909 ई. (b) 1911 ई.
(c) 1914 ई. (d) 1919 ई.

**Ans. (d) :** रॉलेट कानून 1919 ई. में पारित किया गया था। भारत में क्रांतिकारियों के प्रभाव को समाप्त करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने 1917 ई. में सर सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में एक कमेटी नियुक्त की। यह कमेटी यह जाँच करने के लिए नियुक्त की गयी थी, की भारत में किस स्तर तक क्रांतिकारी आंदोलन संबंधी षडयंत्र फैले हुए है।

**25. जालियाँवाला बाग हत्याकांड की जाँच के लिए सरकार ने किस समिति का गठन किया था?**

(a) हंटर समिति (b) मांटेग्यू समिति
(c) डायर समिति (d) चेम्सफोर्ड समिति

**Ans. (a):** जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की जाँच के लिए सरकार ने हंटर समिति का गठन किया था। इसका गठन अक्टूबर 1919 ई. में लार्ड हंटर की अध्यक्षता में की गयी और इस समिति में 8 सदस्य थे जिसमें 5 अंग्रेज और 3 भारतीय थे। इस कमेटी ने मार्च 1920 ई. में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कांग्रेस ने भी इसकी जाँच के लिए मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी।

**26. ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कॉंग्रेस (ए0आई0टी0यू0सी0) का गठन कब और किसकी अध्यक्षता में किया गया था?**

(a) 31 अक्टूबर 1920, लाला लाजपत राय
(b) 31 नवम्बर 1920, एन.एम.जोशी
(c) 31 दिसम्बर 1920, बाल गंगाधर तिलक
(d) 31 दिसम्बर 1920, महात्मा गाँधी

**Ans. (a) :** ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) का गठन 31 अक्टूबर 1920 ई. को लाला लाजपत राय की अध्यक्षता में किया गया था। इसके पहले अध्यक्ष लाला लाजपत राय और पहले महासचिव चमन लाल थे। एटक के गठन के बाद ट्रेड आंदोलन में काफी तेजी आयी तथा आगे चलकर एटक राष्ट्रीय आंदोलन का एक घटक बन गया तथा कांग्रेस के कई बड़े नेता इससे संबन्धित रहे है।

**27. औद्योगिक क्रांति का अर्थ क्या है?**

(a) राजसता में परिवर्तन
(b) सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन
(c) उत्पादन प्रणाली में परिवर्तन
(d) वितरण प्रणाली में परिवर्तन

**Ans. (c) :** औद्योगिक क्रांति का अर्थ उत्पादन प्रणाली में परिवर्तन है। 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तथा 19वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में कुछ यूरोपीय देशों के औद्योगिक उत्पादन प्रणाली में परिवर्तन आया। औद्योगिक क्रांति का प्रारम्भ तो ब्रिटेन से हुआ था। किन्तु यह शीघ्र ही पूरे यूरोप में फैल गया। विकसित प्रौद्योगिकी का प्रयोग इस औद्योगिक क्रांति का आधार रहा है।

**28. चार्ल्स डिकेंस द्वारा रचित उपन्यास 'डॉम्बी एड सन' कब प्रकाशित हुआ?**

(a) 1748 (b) 1848
(c) 1850 (d) 1856

**Ans. (b) :** चार्ल्स डिकेंस द्वारा रचित उपन्यास 'डॉम्बी एण्ड सन' अप्रैल 1848 में प्रकाशित हुआ। यह उपन्यास एक शिपिंग फर्म के मालिक के भाग्य का वर्णन करता है जो अपने नक्शे कदम पर चलने बाले बेटे की कमी से निराश है। शुरूआत में उसने अपनी बेटी के प्यार को अस्वीकार कर दिया और अन्ततः अपनी मृत्यु से पहले उसके साथ मेल-मिलाप कर लिया।

**29. पटना का पुराना नाम क्या था?**

(a) पाटलिपुत्र (b) कुसुमपुर
(c) अजीमाबाद (d) उपर्युक्त तीनों

Ans. (d): पटना का पुराना नाम पाटलिपुत्र, कुसुमपुर तथा अजीमाबाद था। पाटलिपुत्र की स्थापना हर्यकवंशीय शासक उदयन ने किया था। आगे चलकर यह मौर्य साम्राज्य की राजधानी बनी तथा काफी समय तक यह राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित रही। 7वीं शताब्दी में जब कन्नौज का उदय हुआ तब जाकर पाटलिपुत्र की महत्ता में कमी आने लगी।

**30. भारत में पहली बार कब और कहाँ धुँआ निरोधक कानून पारित किया गया था?**

(a) 1863, मुंबई (b) 1863, कोलकाता
(c) 1868, दिल्ली (d) 1868, पटना

Ans. (b) : भारत में पहली बार 1863, कोलकाता में धुँआ निरोधक कानून पारित किया गया था। कोलकाता धुँआ निरोधक कानून पारित करने वाला विश्व का पहला शहर, बन गया था।

**31. प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद किसके द्वारा यूरोप की अर्थव्यवस्था को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया गया?**

(a) रूस (b) फ्रांस
(c) अमेरिका (d) जर्मनी

Ans. (c) : प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद अमेरिका द्वारा यूरोप की अर्थव्यवस्था को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया गया। प्रथम विश्व युद्ध के बाद पूरा यूरोप आर्थिक रूप से टूट चुका था तथा महगांई एवं बेरोजगारी यहाँ चरम पर थी। ऐसे समय में अमेरिका ने यूरोपीय देशों को सहारा दिया तथा वहाँ कई आर्थिक योजनाओं का क्रियान्वयन किया।

**32. सार्क का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) ढाका (b) काठमांडू
(c) नई दिल्ली (d) इस्लामाबाद

Ans. (b) : दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) की स्थापना 8 दिसम्बर 1985 को हुई थी। संघ का सचिवालय (मुख्यालय) 17 जनवरी 1987 को काठमांडू, नेपाल में स्थापित किया गया था। वर्तमान मे सार्क के 8 सदस्य देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका है। सार्क का मुख्य उद्देश्य दक्षिण एशिया के लोगों के कल्याण को बढावा देना। इसकी स्थापना के समय इसमें सात सदस्य देश थे। वर्ष 2007 में अफगानिस्तान सार्क का आठवाँ सदस्य बना।

**33. मुद्रण की तकनीक सबसे पहले कौन से तीन देशों में आई थी?**

(a) चीन, जापान, कोरिया (b) यूनान, चीन, जापान
(c) कोरिया, यूनान, जर्मनी (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) : मुद्रण की तकनीक सबसे पहले चीन, जापान और कोरिया के देशों में आयी थी। इन देशों में प्रयोग होने के बाद धीरे-धीरे यह तकनीक विश्व के अन्य देशों में आयी। भारत में मुद्रण तकनीक को पुर्तगालियों ने लाया था। मुद्रण तकनीक ने लोगों को धीरे-धीरे जागरूक बनाना शुरू कर दिया था। इसी ने भारत में पढ़े-लिखे मध्य वर्ग को जन्म दिया जिसने राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**34. भारत का कुल क्षेत्रफल लाख वर्ग किलोमीटर में कितना है?**

(a) 32.8 (b) 30.8
(c) 34.8 (d) 31.8

Ans. (a) : भारत का कुल क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग किमी है। भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4% है। भारत क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सातवाँ बड़ा देश है।

**35. मैकमोहन रेखा भारत को किस देश से अलग करती है?**

(a) पाकिस्तान (b) अफगानिस्तान
(c) चीन (d) बांग्लादेश

Ans. (c) : मैकमोहन रेखा भारत को चीन से अलग करती है। रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा निर्धारित करती है।

**36. धुआँधार जल प्रपात किस नदी पर स्थित है?**

(a) नर्मदा (b) तापी
(c) महानदी (d) गोदावरी

Ans. (a) : धुआँधार जल प्रपात नर्मदा नदी पर स्थित है। नर्मदा नदी अमरकंटक पठार के पश्चिमी पार्श्व से लगभग 1057 मीटर की ऊँचाई से निकलती है। दक्षिण में सतपुड़ा और उत्तर में विंध्याचल के मध्य यह भ्रंश घाटी से बहती है।

**37. निम्नलिखित में किस नदी का उद्‌गम अमरकंटक नहीं है?**

(a) नर्मदा (b) तापी
(c) सोन (d) जोहीला

Ans. (b) : तापी नदी का उद्गम अमरकंटक नहीं है। तापी नदी मध्य प्रदेश में बेतूल जिले में मुलताई से निकलती है। यह 724 किलोमीटर लम्बी है।

**38. सर्वप्रथम मॉनसून शब्द किस देश के नाविको द्वारा प्रयोग किया गया?**

(a) भारत (b) अरब
(c) यूनान (d) चीन

Ans. (b) : सर्वप्रम 'मॉनसून' शब्द अरब देश के नाविको द्वारा प्रयोग किया गया था। भारत आने वाले अरब नाविकों ने सबसे पहले मानसून परिघटना पर ध्यान दिया था। पवन तंत्र की दिशा उलट जाने के कारण उन्हें लाभ हुआ। मानसून का प्रभाव उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में लगभग 20° दक्षिण के बीच रहता है।

**39. इनमें से किस राज्य में मैंग्रोव वन पाये जाते हैं?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) बिहार
(c) झारखण्ड (d) उत्तराखण्ड

Ans. (a) : पश्चिम बंगाल में मैंग्रोव वन पाये जाते हैं। मैंग्रोव वन तटवर्तीय क्षेत्रों में जहाँ ज्वार-भाटा आते हैं, की सबसे महत्वपूर्ण वनस्पति है। गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी, गोदावरी, कृष्णा तथा कावेरी नदियों के डेल्टा भाग में यह वनस्पति मिलती है।

**40. इनमें से कौन सा वृक्ष पर्वतीय वन में पाया जाता है?**

(a) चेस्टनट (b) अर्जुन
(c) चंदन (d) शीशम

**Ans. (a):** चेस्टनट के वृक्ष पर्वतीय वन में पाये जाते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में 1000 मीटर से 2000 मीटर तक की ऊँचाई वाले क्षेत्रों में आर्द्र शीतोष्ण कटिबंधीय वन पाए जाते हैं। इनमें चौड़ी पत्ती वाले ओक तथा चेस्टनट जैसे वृक्षों की प्रधानता होती है।

**41. दाचिग्राम जो जम्मू कश्मीर में स्थित है, क्या है?**

(a) वन्यजीव अभ्यारण (b) राष्ट्रीय उद्यान
(c) पक्षी अभ्यारण (d) आरक्षित वन क्षेत्र

**Ans. (b) :** दाचिग्राम जो जम्मू-कश्मीर में स्थित है, राष्ट्रीय उद्यान है। इसका क्षेत्रफल 141 वर्ग किलोमीटर है। दाचिग्राम को 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया। इस पार्क को हंगुल या कश्मीर हिरण के लिए जाना जाता है।

**42. भारत के किस राज्य में सर्वाधिक जन घनत्व है?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) बिहार
(c) महाराष्ट्र (d) केरल

**Ans. (b) :** वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व 1106 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. बिहार राज्य में है। अन्य 4 शीर्ष जनघनत्व वाले राज्य पश्चिम बंगाल (1028), केरल (860), उत्तर प्रदेश (829), और हरियाणा (573) है। भारत का जनघन्त्व 382 व्यक्ति प्रति किमी. है।

**43. किस वर्ष को जनसांख्यिकी विभाजक वर्ष के रूप में जाना जाता है।**

(a) 1911 (b) 1921
(c) 1931 (d) 1951

**Ans. (b) :** जनसंख्या विभाजक वर्ष के रूप में वर्ष 1921 को जाना जाता है। 1911-21 के दशक में जनसंख्या में ह्रास (-0.31%) की स्थिति आयी, जिसका कारण अकाल एवं महामारियों का प्रकोप था, जिसके चलते मृत्यु दर अधिक हो गई थी।

**44. ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश में किस नाम से जाना जाता है?**

(a) मेघना (b) जमुना
(c) सूरमा (d) कर्णफूली

**Ans. (b) :** ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश में जमुना के नाम से जाना जाता है। ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत की मानसरोवर झील के पूर्व से निकलती है। तिब्बत में इसे सांगपो के नाम से जाना जाता है। दिहाँग, दिबांग, लोहित, केनुला इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।

**45. भूटान के क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत वनाच्छादित है?**

(a) 20% (b) 50%
(c) 70% (d) 90%

**Ans. (c) :** भूटान के क्षेत्रफल का लगभग 70% वनाच्छादित है। भूटान 'लैंड ऑफ थंडरवोल्ट' उप नाम से प्रसिद्ध है। भूटान की राजधानी थिम्पू है। टोंस, संकोश, वांग्चू, कुलोंग तथा नीकी यहाँ की प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।'

**46. माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई कितनी है?**

(a) 8848 मीटर (b) 8611 मीटर
(c) 8484 मीटर (d) 8888 मीटर

**Ans. (a):** माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई 8848 मी. है। माउण्ट एवरेस्ट का विस्तार नेपाल में है। मांउट एवरेस्ट वृहद हिमालय में स्थित है।

**47. भूटान की अर्थव्यवस्था किस पर आधारित है?**

(a) उद्योग पर (b) कृषि पर
(c) पर्यटन पर (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** भूटान की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर आधारित है। भूटान में पर्यटन राजस्व 1995 में 5.00 मिलियन अमेरिकी डॉलर या सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 1.7 प्रतिशत था। 26 साल के अंदर देश की पर्यटन पर निर्भरता काफी बढ़ गई। वर्ष 2019 में पर्यटन राजस्व 120.00 मिलियन था जो सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 4.7 प्रतिशत था।

**48. 1 cm=1 km के लिए सही प्रतिनिधि भिन्न क्या होगा?**

(a) 1:100 (b) 1:1000
(c) 1:10000 (d) 1:100000

**Ans. (d):** 1 cm=1 km के लिए सही प्रतिनिधि भिन्न 1:100000 होगी। यानी मानचित्र पर 1 इकाई दूरी 1 सेंटीमीटर तथा 100000 इकाइयों की दूरी धरातल पर 100000 सेंटीमीटर के रूप में पढेगा।

**49. पृथ्वी पर के नदी, पहाड़, समुद्र को प्रदर्शित करने वाले मानचित्र कहलाते है?**

(a) राजनैतिक मानचित्र (b) भौतिक मानचित्र
(c) परंपरागत मानचित्र (d) इनमें कोई नहीं

**Ans. (b) :** पृथ्वी के नदी, पहाड़, समुद्र को प्रदर्शित करने वाले मानचित्र भौतिक मानचित्र कहलाते हैं। भौतिक मानचित्र प्राकृतिक लक्षणों जैसे- पर्वत, मैदान, पठारों, जलवायु के तत्वों तथा वनस्पतियों इत्यादि को दर्शाता है।

**50. विकास की स्थिति के आधार पर, संसाधनों को ------ के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।**

(a) संभावित (b) विकसित स्टॉक
(c) रिजर्व (d) उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** विकास की स्थिति के आधार पर संसाधनों को संभावी संसाधन, विकसित संसाधन और रिजर्व के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। समाप्यता के आधार पर संसाधनों को नवीकरणीय योग्य संसाधन और अनवीकरणी योग्य संसाधन में वर्गीकृत किया जाता है।

**51. झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश राज्य खनिजों और ---- जमा में समृद्ध है।**

(a) कोयला (b) सोना
(c) सिलिकॉन (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश राज्य खनिजों और कोयला जमा में प्रसिद्ध है। भारत के कोयला निक्षेप का 80 प्रतिशत भाग विटुमिनस प्रकार का तथा गैर कोककारी श्रेणी का है।

**52. शुद्ध बोए गए क्षेत्र का पैटर्न एक राज्य से दूसरे राज्य में बहुत भिन्न होता है। यह ----- में कुल क्षेत्रफल का 80 प्रतिशति से अधिक है।**

(a) मध्य प्रदेश (b) असम
(c) राजस्थान (d) पंजाब

**Ans. (d):** शुद्ध बोए गए क्षेत्र का पैटर्न एक राज्य से दूसरे राज्य में बहुत भिन्न है। यह पंजाब में कुल क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत से अधिक है।

**53. एसएसक्यू 3181 निम्नलिखित में से कौन भारत में वाणिज्यिक फसल है?**

(a) सरसों (b) तंबाकू
(c) जूट (d) उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** सरसो, तंबाकू, जूट, गन्ना, चाय आदि भारत में वाणिज्यिक फसल है। वाणिज्यिक कृषि के मुख्य लक्षण आधुनिक निवेशी जैसे अधिक पैदावार देने वाले बीजों, रसायनों और कीटनाशकों के प्रयोग से उच्च पैदावार प्राप्त करता है।

**54. ुनिया के पानी की कुल मात्रा का 96.5 प्रतिशत ---- के रूप में मौजूद है और केवल 2.5 प्रतिशत ---- के रूप में मौजूद है।**

(a) मीठे पानी, महासागर (b) महासागर, मीठे पानी
(c) भूजल, महासागर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** दुनिया के पानी की कुल मात्रा का 96.5% महासागर के रूप में मौजूद है और केवल 2.5 प्रतिशत मीठे पानी के रूप में मौजूद है। इसका 70 प्रतिशत भाग बर्फ की चादरों और हिमानियों के रूप में पाया जाता है।

**55. पृथ्वी की सतह का कितना हिस्सा पानी से ढका हुआ है ?**

(a) एक चौथाई (b) आधा
(c) तीन चौथाई (d) दो तिहाई

**Ans. (c) :** पृथ्वी की सतह का तीन-चौथाई हिस्सा पानी से ढका है। पृथ्वी पर पाए जाने वाले जल का 71 प्रतिश भाग महासागरों में पाया जाता है।

**56. पानी का कमी क्या है?**

(a) पानी की कमी एक क्षेत्र के भीतर पानी के उपयोग की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उपलब्ध ताजे पानी के संसाधनों की कमी है।
(b) पानी की कमी एक क्षेत्र के भीतर पानी के उपयोग की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उपलब्ध समुद्री पानी की कमी है।
(c) देश के उद्योगों की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उपलब्ध ताजे जल संसाधनों की कमी
(d) ये सभी

**Ans. (a) :** पानी की कमी एक क्षेत्र के भीतर पानी के उपयोग की मांगों को पुरा करने के लिए पर्याप्त उपलब्ध ताजे पानी के संसाधनों की कमी है।

**57. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य तेल का सबसे पुराना उत्पादक है?**

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) असम
(c) आंध्र प्रदेश (d) गुजरात

**Ans. (b) :** असम राज्य तेल का सबसे पुराना उत्पादक हैं डिगबोई नहरकटिया और मोरन-हुगरीज इस राज्य के महत्त्वपूर्ण तेल उत्पादक क्षेत्र हैं। भारत में अधिकांश पेट्रोलियम की उपस्थिति टरशियरी युग की चट्टानों में पाये जाते हैं।

**58. बालाघाट खानों में निम्नलिखित में से किस खनिज का खनन किया जाता है?**

(a) मैंगनीज (b) एल्यूमिनियम
(c) कॉपर (d) चूना पत्थर

**Ans. (a) :** बालाघाट की खानों से मैंगनीज का उत्पादन किया जाता है। मैंगनीज निक्षेप लगभग सभी भूगर्भित संरचनाओं में पाया जाता है हालाँकि; मुख्य रूप से यह धारवाड़ क्रम से संबद्ध है। मध्य प्रदेश में मैंगनीज की पट्टी बालाघाट, छिंदवाड़ा निमाड़, मांडला और झाबुआ जिलों तक विस्तुत है।

**59. इनमें कौन सा जीव है जो केवल भारत में ही पाया जाता है?**

(a) घडियाल (b) गंगा डॉलफिन
(c) ह्वेल (d) कछुआ

**Ans. (b) :** गंगा डॉलफिन ऐसा जीव है जो केवल भारत में पायी जाती है। गंगा डाल्फिन को IUCN की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है। स्थानीय भाषा में इसे सोंस कहा जाता है।

**60. 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता कौन है?**

(a) देवकी नंदन बहुगुणा (b) सुंदरलाल बहुगुणा
(c) कमला बहुगुणा (d) हेमवती बहुगुणा

**Ans. (b) :** चिपको आंदोलन के प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा है। यह आंदोलन 1973 में उत्तराखण्ड के चमोली जिले में शुरू हुआ था। ये लोग वृक्षों को कटने से बचाने के लिए पेड़ों के चारों तरफ मानवीय घेरा बना लेते थें।

**61. किस राज्य में खनिज तेल का विशाल भंडार स्थित है?**

(a) असम (b) राजस्थान
(c) बिहार (d) तमिलनाडु

**Ans. (a) :** असम राज्य में खनिज तेल का भंडार स्थित है। असम में डिगबोई, नहारकटिया, तथा हगरीजन- मोराज महत्त्वपूर्ण तेल क्षेत्र हैं। गुजरात के प्रमुख तेल क्षेत्र अंकलेश्वर, कालोज, मेहसाणा तथा लुनेज हैं।

**62. सिंगरौली किस राज्य का सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र है?**

(a) झारखण्ड (b) ओडिशा
(c) मध्य प्रदेश (d) कर्नाटक

**Ans. (c) :** सिंगरौली मध्य प्रदेश राज्य का सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र है। भारत में सर्वाधिक महत्वपूर्ण गोड़वाना कोयला क्षेत्र दामोदर घाटी में स्थित है। भारत में कोयला निक्षेपों का लगभग 80% भाग बिटुमिनस प्रकार का गैर कोककारी श्रेणी का है।

**63. निम्नांकित में से कौन उद्योग कृषि पर आधारित नहीं है?**

(a) सूती वस्त्र (b) सीमेंट
(c) चीनी (d) जूट वस्त्र

Ans. (b): सीमेंट उद्योग कृषि पर आधारित नहीं है। सूती वस्त्र उद्योग, चीनी उद्योग तथा जूट वस्त्र उद्योग कृषि पर आधारित उद्योग हैं। सीमेंट उद्योग कच्चे माल पर आधारित उद्योग है।

**64. इनमें से कौन उपभोक्ता उद्योग है?**

(a) पेट्रो रसायन (b) लौड इस्पात
(c) चीनी उद्योग (d) चितरंजन लोकोमोटिव

Ans. (c) : चीनी उद्योग उपभोक्ता उद्योग है। अन्य उपभोक्ता उद्योग दंतमंजन, कागल, पंखे, सिलाई मशीन हैं।

**65. भारत का सर्वाधिक विदेशी व्यापार किस मार्ग द्वारा होता है?**

(a) स्थल मार्ग (b) वायु मार्ग
(c) समुद्री मार्ग (d) पाइपलाइन

Ans. (c) : भारत में सर्वाधिक विदेशी व्यापार समुद्री मार्ग द्वारा होता है। भारत की 7,516.6 किमी. लम्बी समुद्री तट रेखा के साथ 12 प्रमुख तथा 200 मध्यम व छोटे पत्तन हैं। ये पत्तन देश का 95% विदेशी व्यापार संचालित करते हैं।

**66. भारत को कुल कितने डाक क्षेत्रों में बाँटा गया है?**

(a) 7 (b) 5
(c) 6 (d) 9

Ans. (d) : भारत को कुल 9 डाक क्षेत्र में बाँटा गया है। भारत का डाक संचार तंत्र विश्व का वृहत्तम है। यह पार्सल, नीजी पत्र व्यवहार तथा तार आदि को संचालित करता है।

**नोट** : आयोग द्वारा विकल्प (b) सही उत्तर माना गया है जबकि सही उत्तर विकल्प (d) है।

**67. पूर्वी मध्य रेलवे का मुख्यालय कहाँ है?**

(a) हाजीपुर (b) गोरखपुर
(c) भुवनेश्वर (d) कोलकाता-हावडा

Ans. (a) : पूर्वी मध्य रेवले का मुख्यालय हाजीपुर (बिहार) में है। गोरखपुर मे नार्थ इस्टर्न रेलवे जोन का मुख्यालय है तथा भुवनेश्वर में ईस्ट कोस्ट रेलवे जोन का मुख्यालय है। कोलकता में पूर्वी रेलवे जोन का मुख्यालय है।

**68. विश्व में सबसे अधिक वर्षा किस स्थान पर होती है?**

(a) गुवाहटी (b) मॉसिमराम
(c) चेरापूँजी (d) कोलकता

Ans. (b) : विश्व में सबसे अधिक वर्षा मॉसिनराम नामक स्थान पर होती है। मॉसिनराम, मेघालय राज्य में खासी पहाड़ी के दक्षिणी शृंखलाओं में स्थित है।

**69. बिहार का शोक किस नदी को कहाँ जाता है?**

(a) गंगा (b) कोसी
(c) यमुना (d) सोन

Ans. (b) : 'बिहार का शोक' कोसी नदी को कहा जाता है। कोसी एक पूर्ववर्ती नदी है जिसका स्रोत तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के उत्तर में है जहाँ से इसकी मुख्य धारा अरुणा निकलती है।

**70. काली मिट्टी का दूसरा नाम क्या है?**

(a) पर्वतीय मिट्टी (b) बलुई मिट्टी
(c) रेगुर मिट्टी (d) लाल मिट्टी

Ans. (c) : काली मृदा का दूसरा नाम रेगुर मिट्टी है। काली मृदा कपास की खेती के लिए उचित समझी जाती है और काली कपास मृदा के नाम से भी जानी जाती है। इस प्रकार की मृदा दक्कन पठार क्षेत्रों के उत्तर पश्चिमी भागों में पायी जाती है।

**71. बिहार में सर्वप्रथम नगर-निगम की स्थापना कहाँ कही गई थी?**

(a) आरा (b) पटना
(c) गया (d) मोतिहारी

Ans. (b) : बिहार में सर्वप्रथम नगर निगम की स्थापना पटना में की गई थी। इसकी बुनियाद नवंबर 1984 में रखी गयी थी तब इसका नाम पटना म्युनिसिपैलिटी था।

**72. बिहार राज्य जल विद्युत निगम की स्थापना कब हुई?**

(a) 1975 (b) 1980
(c) 1982 (d) 1990

Ans. (c) : बिहार राज्य जल विद्युत निगम की स्थापना 1982 में हुई थी। बिहार राज्य जल विद्युत निगम एक पूर्ण स्वामित्व वाली सरकारी कम्पनी के रूप में स्थापित हुई थी। यह बिहार राज्य में जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना, उनके रख-रखाव, ऊर्जा के उत्पादन एवं बिक्री में संलग्न है।

**73. जारुजेल्स्कीं किस देश के राष्ट्रपति थे?**

(a) चिली (b) पोलैण्ड
(c) तुर्की (d) रूस

Ans.(b): जारुजेल्स्कीं पोलैण्ड के राष्ट्रपति थे। यह पोलैंड का एक सैन्य अधिकारी राजनेता और तानाशाह थे, जिसने पोलिश जनवादी गणराज्य पर 1981 से लेकर 1989 तक पोलैंड के शासक के रूप में कार्य किया। वह पोलिश जनवादी गणराज्य का 1981 से लेकर 1985 तक प्रधानमंत्री रहा और 1985 से 1989 तक पोलैंड के राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत रहा।

**74. गौरवपूर्ण क्रांति किस देश में हुई**

(a) इंग्लैण्ड (b) अमेरिका
(c) फ्रांस (d) रूस

Ans. (a) : गौरवपूर्ण क्रांति इंग्लैण्ड में हुई थी। इंग्लैण्ड की गौरवपूर्ण क्रांति 1688 ई. में हुई थी। गौरवपूर्ण क्रांति को रक्तहीन क्रांति के नाम से जाना जाता है क्योंकि यह शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई थी। इंग्लैण्ड का राजा बदला, इंग्लैण्ड की शासन व्यवस्था बदली पर कहीं खून का एक कतरा नहीं गिरा। इस क्रांति के बाद ही ब्रिटेन में संसदीय व्यवस्था का बीजारोपण हुआ।

**75. लोकतंत्र की सर्वमान्य परिभाषा दिया**

(a) रूसों (b) जॉनलॉक
(c) अब्राहमलिंकन (d) प्लेटो

Ans.(c): लोकतंत्र की सर्वमान्य परिभाषा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने दिया हैं। अब्राहम लिंकन के अनुसार 'लोकतंत्र लोगों का, लोगों के लिए और लोगों के द्वारा' चलाया गया एक

शासन पद्धति है। यहाँ लोगों से तात्पर्य 'जनता' से है। इस प्रकार लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा चलाया गया एक शासन है।

**76. कम्युनिस्ट शासन व्यवस्था किस देश में है–**

(a) चीन (b) अमेरिका

(c) कनाडा (d) भारत

**Ans. (a) :** कम्युनिस्ट शासन व्यवस्था उपरोक्त देशों में से चीन में स्थापित हुई थी। चीन ने 1949 ई. में स्वतंत्रता प्राप्त की तथा 1949 में ही माओत्से तुंग के नेतृत्व में वहाँ कम्युनिस्ट शासन व्यवस्था की स्थापना हुई। चीन के पहले सोवियत रूस में 1919 ई. में ही कम्युनिस्ट शासन व्यवस्था की स्थापना हो चुकी थी जो विश्व की पहली कम्युनिस्ट शासन व्यवस्था थी।

**77. भारत में एक संक्रमणीय मत पद्धति से चुनाव किसका होता है-**

(a) भारतीय राष्ट्रपति (b) भारतीय प्रधानमंत्री

(c) चुनाव आयोग (d) यू.पी.एस.सी. के अध्यक्ष

**Ans.(a):** राष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व के अनुसार एकल संक्रमणीय मत और गुप्त मतदान द्वारा होता है। किसी उम्मीदवार को, राष्ट्रपति के चुनाव में निर्वाचित होने के लिए, मतों का एक निश्चित भाग प्राप्त करना आवश्यक है। मतों का यह निश्चित भाग, कुल वैध मतों की, निर्वाचित होने वाले कुल उम्मीदवारों (यहां केवल एक ही उम्मीदवार राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होता है) की संख्या में एक जोड़कर प्राप्त संख्या द्वारा भाग देने पर भागफल में एक जोड़कर प्राप्त होता है।

$$\text{निश्चित मतों का भाग} = \frac{\text{कुल वैध मत}}{1+1=(2)}+1$$

**78. अपने सभी नागरिकों को समान मताधिकार प्रदान करने वाला पहला देश कौन सा था?**

(a) रूस (b) न्यूजीलैण्ड

(c) चीन (d) यू.एस.ए.

**Ans.(b):** न्यूजीलैण्ड (1893) में सभी लोगों को समान मतदान का अधिकार देने वाला पहला देश है।

आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (c) चीन माना है जो कि गलत है।

**79. भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार किस देश से लिया गया है?**

(a) अमेरिका (b) ब्रिटेन

(c) रूस (d) द0 अफ्रीका

**Ans.(a):** भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार अमेरिका के संविधान से लिया गया है। संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक मूल अधिकारों का विवरण है। संविधान के भाग 3 को भारत का मैग्नाकार्टा की संज्ञा दी गयी है जा सर्वथा उचित है।

मूल रूप से संविधान में सात मूल अधिकार प्रदान किए थेः

1. समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)
2. स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)
3. शोषण के विरूद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)
4. धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)
5. संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)
6. संपत्ति का अधिकार (अनुच्छेद 31)
7. सांविधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद-32)

हालांकि, संपत्ति के अधिकार को 44 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 द्वारा मूल अधिकारों की सूची से हटा, दिया गया है। इसे संविधान के भाग XII में अनुच्छेद 300 (क) के तहत कानूनी अधिकार बना दिया गया है। इस तरह वर्तमान में 6 मूल अधिकार है।

**80. राज्य सभा का सभापति कौन होता है-**

(a) राष्ट्रपति (b) उपराष्ट्रपति

(c) प्रधानमंत्री (d) राज्यपाल

**Ans.(b):** राज्यसभा का पीठासीन अधिकारी सभापति कहलाता है। देश का उप-राष्ट्रपति इसका पदेन सभापति होता है। जब उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में काम करता है तो वह राज्यसभा के सभापति के रूप में काम नहीं करता है।

राज्यसभा के सभापति को तब ही पद से हटाया जा सकता है जब उसे उप-राष्ट्रपति पद से हटा दिया जाए।

**81. किसी सदस्य की मृत्यु या इस्तीफा के बाद होने वाले चुनाव को कहते हैं-**

(a) आम चुनाव (b) उपचुनाव

(c) दोनों (d) कोई नहीं

**Ans.(b):** किसी सदस्य की मृत्यु या इस्तीफा के बाद होने वाले चुनाव को उपचुनाव कहते है। उपचुनाव, जिसे विशेष चुनाव के रूप में भी जाना जाता है, भारत के विधायी निकायों में रिक्त सीटों को भरने के लिये आयोजित चुनावों को संदर्भित करता है।

उपचुनाव तब आयोजित किये जाते हैं जब विधायिका में कोई सीट निलंबन इस्तीफे, अयोग्यता या मौजूदा सदस्य के निष्कासन जैसे कारणों से खाली हो जाती है।

**82. मतदान करने की कम से कम उम्र क्या होता है?**

(a) 15 वर्ष (b) 16 वर्ष

(c) 17 वर्ष (d) 18 वर्ष

**Ans. (d) :** मतदान करने की कम से कम उम्र 18 वर्ष है। हालाँकि 1988 से पहले मतदान की आयु 21 वर्ष थीं 61वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा लोकसभा के साथ-साथ विधानसभाओं के चुनाव में वोट डालने की उम्र को 21 वर्ष से हटाकर 18 वर्ष कर दिया गया। प्रतिनिधित्व से वंचित देश के युवाओं को अपनी भावनाओं को प्रकट करने का अवसर प्रदान करने और चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बनने में मदद करने के उद्देश्य से ऐसा किया गया।

**83. सर्वाधिक लोकप्रिय चुनाव आयुक्त थे-**

(a) सुकुमार सेन (b) टी.एन.शेषन

(c) दोनों (d) कोई नहीं

**Ans.(b):** टी.एन. शेषन सर्वाधिक लोकप्रिय चुनाव आयुक्त थे। वे भारत के 10वें मुख्य चुनाव आयुक्त थे। वे 12 दिसंबर, 1990 से 11 दिसंबर 1996 तक इस पद पर रहे थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारतीय चुनाव प्रणाली में कई बदलाव किए। मतदाता पहचान पत्र की शुरूआत भी भारत में उन्हीं के द्वारा की गई थी। वर्ष 1996 में उन्हें रैमन मैग्सेसे आवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

84. **बिहार बंगाल से अलग कब हुआ था?**
(a) 1934 (b) 1935
(c) 1936 (d) 1938

**Ans. (*) :** 12 दिसम्बर, 1911 को दिल्ली दरबार में सम्राट ने बिहार और उड़ीसा को मिलाकार नया प्रांत बिहार बनाने का आदेश दिया और बंगाल को अलग प्रांत घोषित किया गया। 1 अप्रैल 1912 को बिहार प्रांत का विधिवत् उद्घाटन किया गया। 1936 में उड़ीसा को बिहार से अलग किया गया था न कि बिहार बंगाल से अलग हुआ था।
**नोट–**BSTET आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) माना है।

85. **भारत में आपातकाल सर्वप्रथम लागू हुआ–**
(a) 1952 (b) 1962
(c) 1965 (d) 1972

**Ans.(b):** भारत-चीन युद्ध के दौरान 26 अक्टूबर 1962 को भारत में पहला राष्ट्रीय आपात काल घोषित किया गया था। यह दोनों देशों के बीच उनकी विवादित सीमा को लेकर संघर्ष था। चीनी सेना ने भारत पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया जिसने भारतीय सेना और सरकार को आर्श्चयचकित कर दिया। भारत सरकार ने संघर्ष के जवाब में राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति घोषित की।

86. **अमेरिका में राज्यसभा को क्या कहा जाता है?**
(a) प्रतिनिधि सभा (b) हाउस ऑफ लार्डस
(c) सीनेट (d) उपरोक्त सभी

**Ans.(c):** अमेरिका में व्यवस्थापिका का कांग्रेस कहा जाता है। इसके दो सदन हैं-
1. प्रतिनिधि सभा (लोकसभा)
2. सीनेट (राज्यसभा)
सीनेट कांग्रेस का उच्च अथवा अद्वितीय सदन हैं। सीनेट में प्रत्येक राज्य से दो प्रतिनिधित (सीनेटर) चुने जाते हैं चाहे उस राज्य की आबादी कितनी भी हो।

87. **भारत के संविधान में निम्नलिखित में कौन समानता के अधिकार में शामिल नहीं है?**
(a) कानून के समक्ष समानता
(b) अश्पृथ्यता का उन्मूलन
(c) रोजगार के अवसर की समानता
(d) आर्थिक बराबरी

**Ans. (d) :** आर्थिक बराबरी का अधिकार समानता के अधिकार में शामिल नहीं है।
अनुच्छेदः- 14 विधि के समक्ष समता का अधिकार राज्य भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।
अनुच्छेदः-16 रोजगार के अवसर की समानता।
अनुच्छेदः-17 अस्पृश्यता का अंत- 'अस्पृश्यता' का अंत किया जाता है और उसका किसी भी रूप में आचरण निषिद्ध किया जाता है। ''अस्पृश्यता'' से उपजी किसी निर्योग्यता को लागू करना, अपराध होगा जो विधि के अनुसार दंडनीय होगा।

88. **प्राथमिक शिक्षा के मौलिक अधिकार को संविधान में कब जगह दी गई?**
(a) 2000 में (b) 2001 में
(c) 2002 में (d) 2003 में

**Ans.(c):** 86वें संविधान संशोधन, 2002 के द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा को मूल अधिकार बनाया गया। नए अनुच्छेद 21 क में घोषणा की गई कि 'राज्यो को 6से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क प्रारम्भिक शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए।'

89. **निम्नलिखित में भारत के लिए कौन-सा कथन सही हैं?**
(a) यहाँ धार्मिक स्वतंत्रता का अभाव है।
(b) यहाँ धर्म की प्रधानता है।
(c) यहाँ धर्म निरपेक्षता का सिद्धान्त है।
(d) यहाँ धार्मिक सौहार्द का अभाव है।

**Ans.(c):** भारत में धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत को अपनाया गया है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता की सभी अवधारणाएं विद्दमान हैं अर्थात हमारे देश में सभी धर्म समान हैं और उन्हें सरकार का समान समर्थन प्राप्त है।
धर्मनिरपेक्ष शब्द को 42 वे संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा जोड़ा गया।

90. **जब हम लैंगिक विभाजन की बात करते हैं तब हमारा अभिप्राय होता है–**
(a) स्त्रियों और पुरूषों के बीच अंतर
(b) समाज में स्त्रियों और पुरूषों को दी गई असमान भूमिकाएँ
(c) स्त्रियों और पुरूषों की जनसंख्या का अनुपात
(d) लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं को मताधिकार से वंचित रखना

**Ans.(b):** जब हम लैगिक विभाजन की बात करते हैं तब, हमारा अभिप्राय होता है। कि समाज में स्त्रियों और पुरूषों को दी गई असमान भूमिकाएँ है।

91. **इनमें कौन लोकतंत्र को मजबूती प्रदान नहीं करता है?**
(a) विविधता में एकता
(b) सर्वधर्म समभाव
(c) विविधताओं में सामंजस्य का अभाव और संघर्ष
(d) विविधताओं का राजनीति पर प्रभाव

**Ans.(c):** विविधताओं में सामंजस्य का अभाव और संघर्ष लोकतंत्र को मजबूती प्रदान नहीं करता है।

92. **राज्यसभा का सभापति कौन है?**
(a) राष्ट्रपति (b) उपराष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) लोकसभा के अध्यक्ष

**Ans. (b) :** राज्यसभा का पीठासीन अधिकारी सभापति कहलाता है। देश का उप-राष्ट्रपति इसका पदेन सभापति होता है। जब उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में काम करता है तो वह राज्यसभा के सभापति के रूप में काम नहीं करता है।
राज्यसभा के सभापति को तब ही पद से हटाया जा सकता है जब उसे उप-राष्ट्रपति पद से हटा दिया जाए।

**93. भारत का राष्ट्रपति अपना त्याग पत्र किसको देता हैं?**

(a) लोकसभा स्पीकर को

(b) उपराष्ट्रपति को

(c) प्रधानमंत्री को

(d) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को

**Ans. (b) :** भारत का राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र उपराष्ट्रपति को सौपता है।
राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है यह पुनः निर्वाचन के लिए पात्र होता है। वर्तमान राष्ट्रपति-द्रोपदी मुर्मू (15वी) है।

**94. भारत में कौन सी दलीय व्यवस्था हैं?**

(a) एक दलीय (b) द्विदलीय

(c) बहुदलीय (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** भारत में बहुदलीय व्यवस्था का पालन किया जाता है। बहुदलीय प्रणाली कई दल सत्ता के प्रतिस्पर्धा या दो से अधिक दलों के पास दूसरों के साथ गठबंधन सरकार बनाने का प्रावधान है।

**95. निम्नलिखित में कौन-सा कार्य राजनीतिक दल का नहीं हैं?**

(a) निर्वाचन में भाग लेना

(b) जनमत का निर्माण करना

(c) सरकार की आलोचना करना

(d) सामाजिक आर्थिक आंदोलनों को भड़काना

**Ans.(d):** राजनीतिक दल के कार्य–

(i) मूलतः राजनीतिक दल राजनीतिक पदों को भरते हैं और राजनीतिक सत्ता का इस्तेमाल करते हैं।

(ii) अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में चुनाव राजनीतिक दलों द्वारा खड़ा किये गये उम्मीदवारों के बीच लड़ा जाता है।

(iii) सरकार की अलोचना करना, जनमत का निर्माण करना, निर्वाचन में भाग लेना।

सामाजिक आर्थिक आदोलनों को भड़काना, यह राजनीतिक दल का कार्य नहीं है, इसलिए उत्तर (d) सही है।

**96. भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धान्त क्या हैं?**

(a) बहुजन समाज (b) क्रांतिकारी लोकतंत्र

(c) एकात्म मानवतावाद (d) आधुनिकता

**Ans. (d) :** भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धान्त दीनदयाल उपाध्याय के विचार- समग्र मानवतावाद एवं अत्योदय से प्रेरणा लेकर मजबूत और आधुनिक भारत बनाने का लक्ष्य भारतीय राष्ट्रवाद और राजनीतिक की इसकी अवधारणा में सांस्कृतिक राष्ट्र या हिन्दुत्व एक प्रमुख तत्व है।

**97. लोकतंत्र की उपलब्धियों में सबसे अधिक सहायक क्या है?**

(a) अशिक्षा (b) निर्धनता

(c) विकास (d) विषमता

**Ans. (c):** लोकतंत्र की उपलब्धि में सबसे अधिक सहायक व बेहतर विकास को माना जाता है इसमें-

1. नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।
2. व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।
3. लोकतांत्रिक शासन में अच्छी सरकार की उम्मीद की जाती है।
4. इसमें गलतियों को सुधारने की गुजांइश होती है।

**98. किस आधार पर लोकतंत्र को सर्वोत्तम शासन कहते है?**

(a) निर्णय में देर

(b) राष्ट्रीय भावना का अभाव

(c) राजनीतिक चेतना का अभाव

(d) जनमत पर आधृत

**Ans.(d):** लोकतंत्र शासन का एक रूप है, जिसमें जनता शासको का चुनाव करती है। इसका सर्वोत्तम शासन जनमत पर आधारित है।

**99. भारतीय लोकतंत्र की कमजोरियों को दूर करने का सर्वश्रेष्ठ उपाय क्या है?**

(a) आर्थिक असमानता

(b) मीडिया पर नियंत्रण

(c) सुधारात्मक कानूनों का निर्माण

(d) बूथ छापामारी

**Ans.(c):** भारतीय लोकतंत्र की कमजोरियों को दूर करने का सवश्रेष्ठ उपाय सुधारात्मक कानूनों का निर्माण करना।

**लोकतंत्र की कमजोरिया–**

1. चुनावी प्रक्रिया को भष्ट्र करना
2. रिश्वत लेना और देना
3. भष्ट्राचार लोकतंत्र की सबसे बड़ी कमजोरी है। प्रतिनिधि बनाने के लिए चुनाव के दौरान धन व बाहुबल का प्रयोग करना।

**100. भारत में निष्पक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया के संचालन का दायित्व किस पर है?**

(a) योजना आयोग

(b) निर्वाचन आयोग

(c) राष्ट्रपति

(d) प्रधानमंत्री

**Ans.(b):** भारत में निष्पक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया का संचालन भारत का निर्वाचन आयोग करता है,

- भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना - 25 जनवरी 1950
- भाग-15, अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव आयोग से सम्बन्धित है।
- चुनाव आयोग का कार्यकाल - 6 वर्ष या 65 वर्ष (दोनों में से जो पहले हो)
- वर्तमान में मुख्य चुनाव आयुक्त- राजीव कुमार

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा Bihar STET

# सामाजिक विज्ञान

**[Exam. Date - 08.09.2023 (Shift-V)]** **[Time - 10:00 AM-12:30 PM]**

**1. सामंतवाद व्यवस्था में भूमि का मालिक कौन होता था?**

(a) सामंत (b) किसान
(c) राजा (d) कम्मी

**Ans. (c) :** सामन्तवादी व्यवस्था में भूमि का मालिक राजा होता था। सामन्तवादी व्यवस्था एक ऐसी व्यवस्था थी जिसमे राजा और जनता के बीच एक बिचौलिया वर्ग जिसे सामन्त कहते थे का उद्भव हुआ। पूर्व मध्यकाल में यूरोप और भारत दोनों जगहो पर सामन्तवाद विद्यमान था। इस व्यवस्था में सैद्धांतिक रूप से भूमि का मालिक राजा होता था किन्तु व्यवहार में यह अधिकार सामन्त रखते थे।

**2. वास्कोडिगामा ने भारत का पता किस वर्ष लगाया?**

(a) 1498 (b) 1499
(c) 1492 (d) 1519

**Ans. (a) :** वास्कोडिगामा ने भारत का पता 1498 ई. में लगाया था जब वह उत्तमाशा अंतरीप का चक्कर लगाते हुए कालीकट बंदरगाह पर उतरा था। 1502 ई. में वास्कोडिगामा पुनः भारत आया। 1503 ई. में पुर्तगालियों ने कोचीन में पहली फैक्ट्री बनायी। यहाँ ध्यातव्य है कि भारत आने वाले पहले यूरोपवासी पुर्तगाली ही थे। 1505 ई. में अल्मीड़ा भारत में प्रथम पुर्तगाली वायसराय बनकर भारत आया।

**3. सप्तवर्षीय युद्ध में किसकी पराजय हुई थी?**

(a) इंग्लैंड (b) फ्रांस
(c) अमेरिका (d) कनाडा

**Ans. (b) :** सप्तवर्षीय युद्ध में फ्रांस की पराजय हुई थी। यूरोप में सप्तवर्षीय युद्ध 1756 ई. में आरम्भ हुआ और 1763 ई. तक चला। यह युद्ध मुख्यतया इग्लैण्ड व फ्रांस के बीच हुआ जिसमे फ्रांस की पराजय हुई और 1763 में पेरिस की संधि के माध्यम से इस युद्ध का समापन हुआ। इस युद्ध के दौरान भारत में इग्लैण्ड व फ्रांस के बीच तृतीय कर्नाटक युद्ध हुआ।

**4. मांटेस्क्यू ने कौन-सी पुस्तक लिखी?**

(a) सामाजिक संविदा (b) विधि की आत्मा
(c) दास कैपिटल (d) वृहत ज्ञानकोष

**Ans. (b) :** मांटेस्क्यू एक महत्वपूर्ण फ्रांसीसी दार्शनिक थे जो 18वीं शताब्दी में ज्ञानोदय काल के दौरान राजनीति व दर्शन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाने जाते हैं। मांटेस्क्यू की महत्वपूर्ण पुस्तक 'विधि की आत्मा (द स्पिरिट ऑफ द लॉ) 1748 में प्रकाशित हुई। मांटेस्क्यू एक राजनीतिक विश्लेषक थे जो शक्ति के पृथक्करण पर अपने विचार के लिए जाने जाते है।

**5. सामाजिक संविदा प्रसिद्ध पुस्तक किनकी है?**

(a) रूसो (b) वाल्टेयर
(c) मांटेस्क्यू (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** प्रसिद्ध पुस्तक 'सामाजिक संविदा' (Social Contract) रूसो की है। रूस फ्रांस का दार्शनिक था जो प्रबोधन काल का प्रतिनिधित्व करता है। रूसो ने 'जनरल विल' (सामान्य इच्छा) का सिद्धांत दिया जो तत्कालिन समय के राजनीति को काफी प्रभावित किया। रूसो ने फ्रांसीसी क्रांति में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। रूसो के ही विचार से प्रभावित होकर रोबोस्फीयर ने फ्रांस में आतंक के राज की स्थापना की।

**6. इंग्लैंड की गौरवपूर्ण क्रांति कब हुई थी?**

(a) 1688 (b) 1788
(c) 1689 (d) 1789

**Ans. (a) :** इग्लैंड की गौरवपूर्ण क्रांति 1688 ई. में हुई थी। गौरवपूर्ण क्रांति को रक्तहीन क्रांति के नाम से जाना जाता है क्योंकि यह शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई थी। इग्लैंड का राजा बदला, इग्लैंड की शासन व्यवस्था बदली पर कही खून का एक कतरा भी नहीं गिरा। इग्लैंड के शासक जेम्स द्वितीय द्वारा संसदीय सम्प्रभुता को चुनौती देने के कारण ही इग्लैंड में 1688 की गौरवपूर्ण क्रांति हुई।

**7. हिटलर किसका प्रवर्तक था?**

(a) नाजीवाद (b) फासीवाद
(c) उग्रवाद (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** हिटलर नाजीवाद का प्रवर्तक था। प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ हुए वर्साय की संधि के कारण जर्मनी में स्थापित वाइमर गणतंत्र अलोकप्रिय होती जा रही थी। जिसका लाभ हिटलर ने उठाया और 1932 ई. तक जर्मनी में उसने नाजीवाद की स्थापना कर सत्ता अपने हाथ में ले लिया। हिटलर ने अपना उद्देश्य वर्साय की अपमानजनक सन्धि का उलंघन बताया। इसी ने द्वितीय विश्व युद्ध को जन्म दिया।

**8. एक जनता, एक साम्राज्य और एक नेता का नारा किसने दिया?**

(a) हिटलर (b) मुसोलिनी
(c) बिस्मार्क (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** एक जनता, एक साम्राज्य और एक नेता का नारा हिटलर ने दिया था। हिटलर 1932 में जर्मनी मे अपनी सरकार की स्थापना की तथा यूरोपीय देशों से वर्साय की संधि का बदला लेना अपना उद्देश्य घोषित किया। हिटलर ने अपने को जर्मनी का सर्वोच्च अधिनायक घोषित कर एक साम्राज्य और एक नेता का नारा दिया। हिटलर ने ही द्वितीय विश्व युद्ध की परिस्थितियों को जन्म दिया।

9. **त्रिगुट समझौते में शामिल थे?**
(a) फ्रांस, ब्रिटेन और जापान
(b) फ्रांस, जर्मनी और आस्ट्रिया
(c) जर्मनी, आस्ट्रिया और इटली
(d) इंग्लैंड, अमेरिका और रूस

**Ans. (c) :** त्रिगुट समझौता जर्मनी, आस्ट्रिया और इटली के बीच एक गुप्त समझौता था जो 20 मई 1882 को हुआ था। इस समझौते का प्रमुख वास्तुकार जर्मन चांसलर बिस्मार्क था और यह समझौता मुख्यतया फ्रांस के विरूद्ध हुआ था। बिस्मार्क ने फ्रांस को ही हराकर जर्मनी के एकीकरण का कार्य पूरा किया था। बिस्मार्क समझता था कि फ्रांस अपनी हार का बदला लेगा अतः अपनी सुरक्षा के लिए उसने यह त्रिगुट समझौता किया।

10. **प्रथम विश्वयुद्ध के बाद चौदह सूत्री योजना किसने प्रस्तुत की?**
(a) लॉयड जार्ज (b) विंस्टन चर्चिल
(c) जार्ज क्लियेंशे (d) वुडरो विल्सन

**Ans. (d) :** प्रथम विश्व युद्ध के बाद 14 सूत्री योजना अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने प्रस्तुत किया था। वुडरो विल्सन अमेरिका के 27वें राष्ट्रपति थे। वे नैतिकता और आध्यात्मिकता के पुजारी तथा विश्व शांति के प्रबल समर्थक थे। उनके 14 सिद्धांतो में गुप्त संधियाँ न करने, समुद्र तक सबकी पहुँच, निःशस्त्रीकरण, औपनिवेशिक स्वतंत्रता, रूस व फ्रांस का विकास आदि प्रमुख था।

11. **प्रथम विश्वयुद्ध के बाद कौन-सा देश विश्व शक्ति बनकर उभरा ?**
(a) चीन (b) रूस
(c) अमेरिका (d) भारत

**Ans. (c) :** प्रथम विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व शक्ति बनकर उभरा। प्रथम विश्व युद्ध के पूर्व यूरोपीय देश वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण स्थान रखते थे किन्तु विश्व युद्ध ने यूरोपीय देशों को आर्थिक रूप से तोड़ दिया। अब वैश्विक पटल पर अमेरिका का वर्चस्व हो गया तथा अमेरिका ने प्रथम विश्व युद्ध के बाद यूरोपीय देशों के पुनर्निमाण के लिए कई आर्थिक योजनाए भी चलाई।

12. **सरहुल किनका पर्व है?**
(a) मुंडा (b) ओरॉव
(c) कोल (d) मीणा

**Ans. (a) :** सरहुल मुण्डा जनजाति का पर्व है। मुण्डा झारखण्ड राज्य की एक प्रमुख जनजाति हैं। मुण्डा जनजाति कई देवताओं में विश्वास करते हैं लेकिन उनके सर्वोच्च भगवान को सिंगबोंगा कहा जाता है।

13. **इनमें से कौन व्यावसायिक खेती नहीं है?**
(a) वाणिज्यिक अनाज (b) मिश्रित
(c) कार्बनिक (d) वृक्षारोपण

**Ans. (c) :** कार्बनिक कृषि व्यावसायिक खेती नहीं है। वाणिज्यिक कृषि में फसल उत्पादन और पशुपालन बाजार में विक्रय हेतु किया जाता है। वाणिज्यिक कृषि में वाणिज्यिक अनाज कृषि, मिश्रित कृषि और रोपण कृषि शामिल है। अतः स्पष्ट है कि विकल्प (c) सही होगा।
Note- बिहार लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (a) को माना है जो की गलत है।

14. **इनमें से कौन सा निम्नलिखित मोटे अनाज हैं?**
(a) ज्वार (b) बाजरा
(c) रागी (d) ये सभी

**Ans. (d) :** ज्वार, बाजरा, रागी प्रमुख मोटे अनाज हैं। मोटे अनाज कम उपजाऊ तथा बलुई मृदा में उगाई जा सकती हैं। ये ऐसी फसल हैं जिसे कम वर्षा और उच्च से मध्यम तापमान तथा पर्याप्त सूर्य प्रकाश की आवश्यकता होती है।

15. **इनमें से कौन से बाजरा हैं?**
(a) ज्वार (b) रागी
(c) इन दोनों (d) मक्का

**Ans. (c) :** ज्वार और रागी दोनों बाजरा हैं। ये मोटे अनाज की श्रेणी में आते हैं। इनमें पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है। रागी में प्रचुर मात्रा में लोहा, कैल्शियम, सुक्ष्म पोषक तत्व प्रचुर मात्र में मिलते हैं।

16. **खरबूजा किस मौसम में होता है-**
(a) रबी मौसम (b) खरीफ मौसम
(c) जायद मौसम (d) सभी तीन मौसम

**Ans. (c) :** खरबूजा जायद मौसम में बोया जाता है। जायद एक अल्पकालिक ग्रीष्मकालीन फसल-ऋतु है जो रबी और खरीफ फसलों के बीच ग्रीष्म ऋतु में बोई जाती है। जायद में मुख्यतः तरबूज, खरबूजा, खीरा आदि फसलों की खेती की जाती है।

17. **मूंगफली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है-**
(a) गुजरात (b) आंध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) केरल

**Ans. (b) :** प्रश्नकाल के दौरान मूंगफली का दुसरा सबसे बड़ा उत्पादक राज्य आंध्र प्रदेश था। वर्तमान समय में मूंगफली के तीन प्रमुख उत्पादक राज्य निम्नलिखित हैं- (1) गुजरात (2) राजस्थान (3) तमिलनाडु।

18. **दालों के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है?**
(a) दालें रबी और खरीफ दोनों मौसमों में उगाई जाती है
(b) दलहन फलीदार फसलें हैं
(c) वे अन्य फसलों के साथ रोटेशन में उगाए जाते हैं
(d) दालों को गहन सिंचाई सुविधाओं की आवश्यकता होती हैं।

**Ans. (d) :** दालें रबी और खरीफ दोनों मौसम में उगाई जाती हैं। दालों को कम नमी की आवश्यकता होती है और इन्हें शुष्क परिस्थितियों में भी उगाई जा सकती हैं। दाले फलीदार फसलें होती हैं। दालें अन्य फसलों के साथ रोटेशन में उगाए जाते है। अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) सही नहीं है।

19. **'चाँदी क्रांति' सम्बन्धित हैः**
(a) कीमती खनीज (b) चावल
(c) कपास (d) अण्डा

**Ans. (d) :** 'चाँदी क्रान्ति' अण्डा से संबंधित हैं। भारत की प्रमुख कृषि क्रान्तियाँ इस प्रकार हैं-

| क्रांति | उद्देश्य |
|---|---|
| नीली क्रांति | मछली उत्पादन |
| भूरी क्रांति | चमड़ा/उर्वरक |
| पीली क्रांति | तिलहन उत्पादन |
| श्वेत क्रांति | दूध उत्पादन |

**20. संयुक्त राष्ट्र के किस अंग ने 1994 से अपने संचालन को निलंबित कर दिया है?**

(a) ट्रस्टीशिप काउंसिल

(b) इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल

(c) सेक्रेटेरिएट

(d) इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस

**Ans. (a):** ट्रस्टीशिप काउंसिल

**21. सुरक्षा परिषद में कितने अस्थाई सदस्य होते हैं?**

(a) 10 (b) 12

(c) 15 (d) 8

**Ans. (a) :** सुरक्षा परिषद में 10 अस्थाई सदस्य होते हैं?

**22. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्र संघ के भीतर एक संगठन नहीं था?**

(a) शरणार्थियों के लिए आयोग

(b) अंतर्राष्ट्रीय सैन्य बोर्ड

(c) स्थायी केंद्रीय अफीम बोर्ड

(d) दासता आयोग

**Ans. (c) :** स्थायी केंद्रीय अफीम बोर्ड राष्ट्र संघ के भीतर एक संगठन नहीं था।

**23. अपने अस्तित्व के दौरान, 17 राष्ट्रों ने राष्ट्र संघ में सदस्यता वापस ले ली। निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्र संघ से अलग नहीं हुआ।**

(a) इंडिया (b) होंडुरास

(c) स्पेन (d) ब्राजील

**Ans. (a) :** इंडिया

**24. किसने जलियाँवाला बाग हत्याकांड घटना के विरोध में अपना 'सर नाइट' का खिताब वापस करने की घोषणा की?**

(a) महात्मा गाँधी (b) गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर

(c) एनी बेसेंट (d) मो. अली जिन्ना

**Ans. (b):** जलियाँवाला बाग नरसंहार के फलस्वरूप गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ब्रिटिश सरकार द्वारा दी गयी 'सर नाइट' की उपाधि वापस कर दी तथा सर शंकर नायर ने वायसराय की कार्यकारणी परिषद की अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड 13 अप्रैल 1919 ई. को अमृतसर (पंजाब) में हुई थी जनरल डायर ने इकट्ठी भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दे दिया था।

**25. स्वराज दल की स्थापना कब और किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1 जनवरी 1923 (b) 7 जनवरी 1923

(c) 1 फरवरी 1924 (d) 6 मई 1925

**Ans. (a) :** स्वराज दल की स्थापना 1 जनवरी 1923 ई. को हुई थी। इसके अध्यक्ष सी.आर.दास थे जबकि महासचिव मोतीलाल नेहरू थे। स्वराज दल का लक्ष्य विधान परिषद के चुनाव में भाग लेकर सदन के अंदर सरकार को परास्त करना था। स्वराजवादी परिवर्तनवादी कहलाए जबकि शेष कांग्रेसी अपरिवर्तनवादी कहे गए। 1922 में हुए गया अधिवेशन के बाद स्वराज पार्टी का गठन किया गया।

**26. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना किस वर्ष हुई और इसके संस्थापक कौन थे?**

(a) 1880, रिपन (b) 1884, लिटन

(c) 1885, ए.ओ.ह्यूम

(d) 1887, व्योमेश चन्द्र बनर्जी

**Ans. (c) :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 ई. को बम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज के भवन में हुआ था। इसके संस्थापक ए.ओ. ह्यूम थे। कांग्रेस का पहला अधिवेशन 1885 बम्बई में हुआ जिसमें कुल 72 सदस्य उपस्थित थे और इसकी अध्यक्षता W.C. बनर्जी ने किया था। प्रथम सम्मेलन में कांग्रेस द्वारा कुल 9 प्रस्तावों को पारित किया गया था।

**27. इंग्लैण्ड में औद्योगिक क्रांति किस उद्योग से प्रारंभ हुई थी?**

(a) परिवहन उद्योग (b) वस्त्र उद्योग

(c) लोहा उद्योग (d) प्लास्टिक उद्योग

**Ans. (b) :** इंग्लैण्ड में औद्योगिक क्रांति वस्त्र उद्योग से प्रारम्भ हुई थी। 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध और 19वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में इग्लैण्ड में औद्योगिक क्रांति हुई जिसने अर्थव्यवस्था के सम्पूर्ण उत्पादन प्रणाली को बदलकर रख दिया। नई तकनीक का प्रयोग पर्याप्त पूँजी और उत्पादन को खपाने के लिए उपनिवेश इस औद्योगिक क्रांति के आधार थे।

**28. पटना में गोलघर का निर्माण किस वर्ष किया गया?**

(a) 1786 (b) 1787

(c) 1788 (d) 1789

**Ans. (a) :** पटना में गोलघर का निर्माण 1786 में किया गया था। गोलघर बिहार प्रांत की राजधानी पटना में गाँधी मैदान के पश्चिम में स्थित है। 1770 में आई भयंकर अकाल के दौरान लगभग एक करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हुए थे। अकाल के देखते हुए गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग में गोलघर के निर्माण की योजना बनाई थी। ब्रिटिश इंजिनीयर कप्तान जॉन गार्स्टिन ने अनाज के (ब्रिटिश फौज के लिए) भंडार के लिए जनवरी 1784 में इसका निर्माण शुरू करवाया तथा जुलाई 1786 ई. में यह बनकर तैयार हुआ। इसमें एक साथ 1,40,000 टन अनाज रखा जा सकता है।

**29. विश्व बैंक का मुख्यालय निम्न में से कहाँ स्थित है?**

(a) जेनेवा (b) न्यूयार्क

(c) वाशिंगटन डी.सी. (d) मनीला

**Ans. (c) :** विश्व बैंक पाँच अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का एक ऐसा समूह है जो सदस्य देशों को वित्त और वित्तीय सलाह देता है। इसका मुख्यालय वॉशिंगटन डी.सी. में है। इसकी स्थापना IMF के साथ 1944 में हुई थी।

**30. पेरिस शांति समझौता कब हुआ था?**

(a) 1918 (b) 1919

(c) 1920 (d) 1921

**Ans. (b) :** प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति पर शांति स्थापना के उद्देश्य से 18 जनवरी 1919 को पेरिस में शांति सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न पराजित राष्ट्रों के साथ संधियों और समझौतो के प्रारूप तैयार किए गए। इन संधियों में वर्साय की संधि सर्वाधिक महत्त्व की है जो जर्मनी से की गयी थी। इस संधि के माध्यम से जर्मनी पर काफी प्रतिबंध लगा दिया गया।

31. **अलेक्जेंड्रियां किस सागर के मुहाने पर बसा हुआ था?**
(a) काला सागर (b) लाल सागर
(c) अरब सागर (d) भूमध्य सागर

**Ans. (d) :** अलेक्जेड्रियाँ भूमध्य सागर के मुहाने पर बसा हुआ था। अतः विकल्प (d) सही है।
**Note-** बिहार लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (b) को माना है जो कि गलत है।

32. **भारत में प्रेस का जनक किसे कहा जाता है?**
(a) राजा राम मोहन राय (b) गोविंदा मोहन
(c) जेम्स ऑगस्टस हिक्की (d) विनोबा भावे

**Ans. (c) :** भारत में प्रेस का जनक जेम्स ऑगस्टस हिक्की है। 1780 ई. में जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने प्रथम समाचार पत्र प्रकाशित किया। जिसका नाम द बंगाल गजट था। उसके द्वारा कंपनी के कर्मचारियों की प्रखर आलोचना करने के कारण 1782 ई. में इसे बंद करवा दिया गया। नवम्बर 1780 ई. में प्रकाशित 'इंडिया गजट' दूसरा भारतीय समाचार पत्र था।

33. **मुद्रण की तकनीक सबसे पहले कौन से तीन देशों में आई थी?**
(a) चीन, जापान, कोरिया (b) यूनान, चीन, जापान
(c) कोरिया, यूनान, जर्मनी (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मुद्रण की तकनीक सबसे पहले चीन, जापान और कोरिया में आई थी। भारत के संदर्भ में मुद्रण तकनीक सर्वप्रथम पुर्तगालियों ने लाया। 1780 ई. में जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने भारत के प्रथम समाचार पत्र 'द बंगाल गजट' का प्रकाशन किया। भारत में लॉर्ड मेटकाफ को भारतीय प्रेस का मुक्तिदाता कहा जाता है। इसने प्रेस की स्वतंत्रता के लिए कार्य किया था।

34. **कोसी नदी, जो बिहार की शोक कहलाती है, का उद्गम स्थल है?**
(a) भारत में (b) नेपाल में
(c) चीन में (d) बांग्लादेश में

**Ans. (b) :** कोसी नदी का निर्माण सन कोसी, अरुण कोसी और तामुर कोसी के संगम के पश्चात होता है। जिनका उद्गम हिमालय के अन्तर्गत नेपाल और तिब्बत से हुआ है। कोसी नदी गंगा की सहायक नदी है जिसे 'बिहार के शोक' के नाम से जाना जाता है।

35. **भारत के सबसे ऊँचे शिखर K2 की ऊँचाई कितनी है?**
(a) 8848 मीटर (b) 8611 मीटर
(c) 8598 मीटर (d) 8172 मीटर

**Ans. (b) :** भारत का सबसे ऊँचा शिखर K2 की ऊचाई 8611 मीटर है। हिमालय के कुछ प्रमुख शिखर तथा उनकी ऊँचाई निम्नलिखित है-

| शिखर | ऊँचाई (मीटर) |
|---|---|
| मांउट एवरेस्ट | 8,848 |
| कंचनाजंगा | 8,598 |
| नंगा पर्वत | 8126 |
| नंदा देवी | 7817 |

36. **भारत में स्थित लोनार झील किस प्रकार का झील है?**
(a) गोरवुर झील (b) क्रेटर झील
(c) लॅगून झील (d) हिमानी झील

**Ans. (b) :** भारत में स्थित लोनार झील क्रेटर झील है। लोनार झील महाराष्ट्र के बुलढाना जिले में स्थित है। भारत की प्रमुख लैगून झीलें चिल्का झील, पुलीकट झील तथा कोलेरू झील हैं।

37. **शिव-समुद्रम जल प्रपात किस नदी पर स्थित है?**
(a) कृष्णा (b) गोदावरी
(c) तापी (d) कावेरी

**Ans. (d) :** शिव-समुद्रम जल प्रपात कावेरी नदी पर स्थित है। कावेरी नदी कर्नाटक के कोगाडु जिले में बह्मगिरी पहाड़ियों से निकलती है। इसकी लम्बाई 800 किलोमीटर है।

38. **विश्व में सबसे अधिक वर्षा किस स्थान पर होती है?**
(a) सिलचर (b) चेरापुँजी
(c) मौरासिनराम (d) गुवाहाटी

**Ans. (c) :** विश्व में सबसे अधिक वर्षा मॉसिनराम पर होती है। मॉसिनराम मेघालय में खासी पहाड़ियों के शिखर पर स्थित है। यहाँ वर्षा बंगाल की खाड़ी की शाखा से होती है।

39. **सिमलीपाल वायो रिर्जव किस राज्य में स्थित है?**
(a) बिहार (b) झारखण्ड
(c) ओडिशा (d) मध्य-प्रदेश

**Ans. (c) :** शिमलीपाल बायोरिजर्व ओडिशा राज्य के मयूरभंज जिले में स्थित है। भारत सरकार ने जून 1994 में इसे एक जैवमंडल रिजर्व क्षेत्र घोषित किया।

40. **किस वर्ष से सरकार द्वारा पादप उद्यानों को वित्तीय तथा तकनीकी सहायता दी जा रही है?**
(a) 1984 (b) 1992
(c) 1985 (d) 1997

**Ans. (b) :** वर्ष 1992 से सरकार द्वारा पादप उद्यानों की वित्तीय तथा तकनीकी सहायता दी जा रही है। देश की पादप और जीव संपति की महायता के लिए कई कदम उठाये हैं देश में 18 जीव मंडल निचय (आरक्षित क्षेत्र) स्थापित किए गए हैं। भारत जीव सुरक्षा अधिनियम सन् 1972 में लागू किया गया था।

41. **जनसंख्या में बच्चों की अधिक संख्या किसका परिणाम है?**
(a) उच्च जन्मदर (b) उच्च जीवन प्रत्याशा
(c) उच्च मृत्यु दर (d) अधिक विवाहित जोड़े

**Ans. (a) :** जनसंख्या में बच्चों की अधिक संख्या उच्च जन्मदर का परिणाम है। जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन की तीन मुख्य प्रक्रियाएँ हैं- जन्मदर, मृत्यु दर एवं प्रवास। एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है, उसे 'जन्मदर' कहते हैं। NFHS-5 (2019-21) के अनुसार, भारत का कुल जन्मदर (TFR) 2.0 है, जिसमें शहरी क्षेत्र में TFR 1.6 और ग्रामीण क्षेत्र में 2.1 है।

42. **निम्नलिखित में कौन जनसंख्या वृद्धि का घटक नहीं है?**
(a) जन्म दर (b) मृत्यु दर
(c) प्रवास (d) लिंगानुपात

**Ans. (d) :** लिंगानुपात जनसंख्या वृद्धि का घटक नहीं है। जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन की तीन मुख्य प्रक्रियाएँ हैं- जन्म दर, मृत्यु दर एवं प्रवास। जन्म दर एवं मृत्यु दर के बीच का अंतर जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि है।

**43. 2011 जनगणना के अनुसार भारत की कितनी प्रतिशत आबादी द्वितीयक कार्यों में लगी है?**

(a) 24.3% (b) 10%
(c) 18% (d) 16%

**Ans. (a) :** 2011 जनगणना के अनुसार भारत की 24.3 प्रतिशत आबादी द्वितीयक कार्य में लगी है।

**44. ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश में किस नाम से जाना जाता है?**

(a) मेघना (b) जमुना
(c) सूरमा (d) कर्णफूली

**Ans. (b) :** ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश मे जमुना नाम से जाना जाता है। ब्रह्मपुत्र का उद्गम कैलाश पर्वत श्रेणी में मानसरोवर झील के निकट चेमायुँडुंग हिमनद से होता है। तिब्बत में इसे सांगपो नाम से जानते हैं।

**45. विश्व का सर्वोच्च शिखर माउण्ट एवरेस्ट किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?**

(a) भारत-नेपाल (b) नेपाल-भूटान
(c) नेपाल-तिब्बत (d) भूटान-तिब्बत

**Ans. (c) :** विश्व का सर्वोच्च शिखर माउण्ट एवरेस्ट नेपाल-तिब्बत की सीमा पर स्थित है। माउण्ट एवरेस्ट की ऊँचाई 8,848 मीटर है। यह विश्व का सर्वोच्च शिखर है।

**46. भूटान की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है?**

(a) उद्योग पर (b) कृषि पर
(c) पर्यटन पर (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** भूटान की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर करती हैं। भूटान के भूभाग का 60 प्रतिशत भाग जंगल के रूप में सदा के लिए आरक्षित है। पर्यटन भूटान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है जिसके कारण यहाँ पर बड़े पैमाने पर रोजगार निर्मित होता है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहाँ कृषि का विकास सीमित मात्रा में हुआ है।

**47. मापनी क्या है?**

(a) अनुपात (b) कथन
(c) दूरी (d) कोई नहीं

**Ans. (a) :** मापनी अनुपात है। मापनी, मानचित्र पर दिखाए गए सम्पूर्ण पृथ्वी या इसके किसी आंशिक भाग के साथ मानचित्र के संबंध को दर्शाता है। इस संबंध को मानचित्र पर किन्ही दो स्थानों के बीच की दूरी एवं धरातल पर उन्ही दोनों स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी के अनुपात के रूप में भी व्यक्त कर सकते हैं।

**48. एट्लस मानचित्र किस पैमाने पर बनाया जाता है?**

(a) अनंत (b) बहुत बड़ा
(c) छोटा (d) बहुत छोटा

**Ans. (d) :** एटलस मानचित्र बहुत छोटे पैमाने पर बनाया जाता है। ये मानचित्र बड़े आकार वाले क्षेत्रों को प्रदर्शित करते हैं तथा मौलिक एवं सास्कृतिक विशिष्टताओं को समान्य तरीके से दर्शाते हैं।

**49. भूमिगत जल का कितना प्रतिशत भाग कृषि के लिए इस्तेमाल होता है?**

(a) 72% (b) 82%
(c) 85% (d) 92%

**Ans. (d) :** भूमिगत जल का 92 प्रतिशत भाग कृषि के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**50. खनिज और जीवाश्म ईंधन गैर-नवीकरणीय संसाधनों के उदाहरण हैं जो उनके गठन के लिए --- लेते हैं।**

(a) सैकड़ों वर्ष (b) हजारों वर्ष
(c) लाखों वर्ष (d) केवल एक वर्ष

**Ans. (c) :** खनिज और जीवाश्म ईंधन गैर-नवीकरणीय संसाधनों के उदाहरण हैं जो उनके गठन के लिए लाखों वर्ष लेते हैं। गैर-नवीकरणीय वे संसाधन होते हैं जिनका भंडारण सीमित होता है। भंडारण एक बार समाप्त होने पर उनके नवीकृत अथवा पुनः पुरित होने में लाखों वर्ष लग सकते हैं।

**51. झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश राज्य खनिजों और ----- जमा में समृद्ध है।**

(a) कोयला (b) सोना
(c) सिलिकॉन (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश राज्य खनिजों और कोयला जमा में समृद्ध हैं। भारत के महत्वपूर्ण कोयला उत्पादक राज्य इस प्रकार हैं- (1) छत्तीसगढ़ (2) मध्य प्रदेश (3) झारखण्ड (4) तेलंगाना (5) महाराष्ट्र।

**52. ------- भारत के कुल सतह क्षेत्र का 30% है।**

(a) मरुस्थल (b) पर्वत
(c) मैदान (d) पठार

**Ans. (b) :** पर्वत भारत के कुल सतह क्षेत्र का 30% है। भारत में भूमि पर विभिन्न प्रकार की भू-आकृतियाँ जैसे पर्वत, पठार, मैदान और द्वीप पाये जाते हैं। लगभग 43% भू-क्षेत्र मैदान तथा 27% हिस्से पर पठार पाया जाता है।

**53. ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को ऋण देने का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत क्या है?**

(a) ग्रामीण बैंक (b) स्थानीय साहूकार
(c) राष्ट्रीयकृत बैंक (d) सहकारी एजेंसियां

**Ans. (b) :** कृषि वित्त में संस्थागत और गैर-संस्थागत दो प्रकार के वित्तीय स्रोत होते हैं। नाबार्ड के सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2016-17 में कृषि वित्त के अतंर्गत कृषक परिवारों ने 60.5 प्रतिशत केवल संस्थागत ऋण, 30.3 प्रतिशत केवल गैर-संस्थागत ऋण एंव 9.2 प्रतिशत संस्थागत एवं गैर-संस्थागत दोनों स्रोतों से ऋण लिया है। साहूकार गैर-संस्थागत ऋण स्रोत है। नाबार्ड के सर्वेक्षण 2016-17 के अनुसार, कृषि ऋण स्रोतों में साहुकार का अंश 10.2% रह गया है, जोकि 1954 में 70% था।

**54. विश्व के जलभृतों में ------- से थोड़ा कम मीठे पानी को भूजल के रूप में संग्रहित किया जाता है।**

(a) 5% (b) 20%
(c) 10% (d) 30%

**Ans. (*):** पृथ्वी पर जल वितरण का प्रतिशत निम्नलिखित प्रकार है-

| | |
|---|---|
| **महासागर** | **97.3%** |
| बर्फ छत्रक | 2.05% |
| भूमिगत जल | 0.68% |
| झीलों में | 0.01% |
| मिट्टी की नमी | 0.005% |
| वायुमंडल | 0.001% |
| नदियाँ | 0.0001% |
| जैवमंडल | 0.00004% |

**55. पृथ्वी की सतह का कितना हिस्सा पानी से ढका हुआ है?**

(a) एक चौथाई (b) आधा

(c) तीन चौथाई (d) दो तिहाई

**Ans. (c) :** पृथ्वी की सतह का तीन-चौथाई पानी से ढका हुआ है। पृथ्वी को नीला ग्रह भी कहते हैं। पृथ्वी पर पाये जाने वाले जल का 71% भाग महासागरों में पाया जाता है।

**56. उपयोग के लिए कितना स्वच्छ जल भंडार उपलब्ध है?**

(a) 2.5 (b) 75

(c) 25 (d) 0.5

**Ans. (a) :** अलवण जल केवल 2.7% की पृथ्वी पर उपलब्ध है। इसका लगभग 70% भाग बर्फ की चादरों और हिमानियों के रूप में पाया जाता है। तथा केवल एक प्रतिशत अलवण जल उपलब्ध है जो मानव उपभोग के लिए उपयुक्त है। अतः निकटतम उत्तर विकल्प (a) सही है।

**57. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य तेल का सबसे पुराना उत्पादक है?**

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) असम

(c) आंध्र प्रदेश (d) गुजरात

**Ans. (b) :** असम राज्य तेल का सबसे पुराना उत्पादक है। डिगबोई, नहरकटिया और मोरन-हुगरीजन इस राज्य के महत्वपूर्ण तेल उत्पादक क्षेत्र हैं। भारत में पेट्रोलियम की उपस्थित टरशियरी युग की शैल संरचना के अपनति व भ्रंश ट्रैप में पाई जाती हैं।

**58. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अधात्विक खनिज है?**

(a) सीसा (b) कॉपर

(c) टिन (d) चूना पत्थर

**Ans. (d) :** चूना पत्थर अधात्विक खनिज है जबकि सीसा, कॉपर तथा टिन धात्विक का अलौह खनिज है। अधात्विक खनिजों में धातुएँ नहीं होती है। चूना पत्थर, अभ्रक और जिप्सम इन खनिजों के उदाहरण है, खनिज ईंधन जैसे कोयला और पेट्रोलियम भी अधात्विक खनिज है।

**59. इनमें कौन सा जीव है जो केवल भारत में पाया जाता है?**

(a) घडियाल (b) गंगा डॉलफिन

(c) ह्वेल (d) कछुआ

**Ans. (b) :** गंगा डॉलफिन भारत में ही पाया जाने वाला जीव है। गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदी के अलवण जल में डॉल्फिन पायी जाती है। स्थनीय भाषा में उसे 'सुसु' (अंधी डाँल्फिन) कहा जाता है।

**60. अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) प्रत्येक वर्ष 22 मई को

(b) प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को

(c) प्रत्येक वर्ष 22 जून को

(d) प्रत्येक वर्ष 22 नवम्बर को

**Ans. (a) :** अन्तराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस प्रत्येक वर्ष 22 मई को मनायी जाती है। इसी प्रकार 22 जून को विश्व ऊँट दिवस, 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस तथा 21 मार्च विश्व वन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**61. टेक्सोल का उपयोग होता है?**

(a) मलेरिया में (b) एड्स में

(c) कैंसर में (d) टी0वी0 के लिए

**Ans. (c) :** टैक्सोल का उपयोग कैंसर के उपचार के लिए किया जाता है।

**62. किस राज्य में खनिज तेल का विशाल भंडार स्थित है?**

(a) असम (b) राजस्थान

(c) बिहार (d) तमिलनाडु

**Ans. (a) :** असम राज्य में खनिज तेल का विशाल भण्डार स्थित है। इसके अतिरिक्त अन्य भण्डार क्रमशः गुजरात, राजस्थान तथा तमिलनाडु राज्यों में हैं। खनिज तेल उत्पादन में अग्रणी राज्य क्रमशः राजस्थान, गुजरात तथा असम है।

**63. निम्नलिखित में से कौन उद्योग सार्वजनिक क्षेत्र के अन्तर्गत आता है?**

(a) जेके सीमेंट उद्योग

(b) रेमंड कृत्रिम वस्त्र उद्योग

(c) बोकारो लौह इस्पात उद्योग

(d) टाटा लौह इस्पात उद्योग

**Ans. (c) :** सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसमें सार्वजनिक सेवाएं और उद्यम शामिल हैं। भारत में 365 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं। दिये गये विकल्पों में बोकारों लौह इस्पात उद्योग सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है। बोकारो इस्पात प्लांट एक लिमिटेड कम्पनी के रूप में 1964 में सोवियत संघ के सहयोग से स्थापित किया गया था। यह झारखण्ड के बोकारो में स्थित है।

**64. नेपानगर किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) चीनी उद्योग (b) सीमेंट उद्योग

(c) अखबारी कागज (d) लोहा इस्पात

**Ans. (c) :** नेपानगर अखबारी कागज उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। यह मध्य प्रदेश राज्य के बुरहानपुर जिले में स्थित एक औद्योगिक बस्ती है। नेपा मिल्स लिमिटेड को पहले नेशनल न्यूज प्रिंट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, यह देश में पहली स्वदेशी अखबारी कागज मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है।

**65. चुना पत्थर का उपयोग किस उद्योग में होता है?**

(a) पटसन (b) सीमेंट

(c) चीनी (d) एल्युमिनियम

**Ans. (b) :** चुना पत्थर का उपयोग सीमेंट उद्योग में करते हैं। सीमेंट उद्योग को भारी व स्थूल कच्चे माल जैस-चूना पत्थर, सिलिका और जिप्सम की आवश्यकता होती है।

**66. पक्की सडकों की लम्बाई की दृष्टि से प्रथम स्थान पर कौन राज्य है?**

(a) बिहार (b) महाराष्ट्र

(c) तमिलनाडु (d) केरल

**Ans. (b) :** पक्की सड़कों की लम्बाई की दृष्टि से महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर है। देश के कुल राज्य राजमार्गो में सर्वाधिक मार्ग धारक तीन राज्य हैं- महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात।

67. **पूर्वी मध्य रेलवे का मुख्यालय कहाँ है?**

(a) हाजीपुर (b) गोरखपुर

(c) भुवनेश्वर (d) कोलकाता-हावडा

**Ans. (a) :** पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय हाजीपुर में है। गोरखपुर में पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय है तथा भुवनेश्वर पूर्वी तटवर्ती रेलवे जोन का मुख्यालय है।

68. **बिहार का सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला कौन सा है?**

(a) पटना (b) बक्सर

(c) शिवहर (d) गया

**Ans.(a):** भारत की जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, बिहार राज्य का सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला पटना है, जहाँ की कुल जनसंख्या 58,38,465 है। शेखपुर (6,36,342) बिहार का न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला है। बिहार राज्य की कुल जनसंख्या 10,40,99,452 है, जोकि देश में तीसरे स्थान पर है। जनघनत्व की दृष्टि से बिहार का पहला स्थान है, बिहार का जनघनत्व 1106 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है।

69. **बिहार का शोक किस नदी को कहाँ जाता है?**

(a) गंगा (b) कोसी

(c) यमुना (d) सोन

**Ans. (b) :** बिहार का शोक कोसी नदी को कहा जाता है। कोसी नदी उद्‌गम नेपाल एवं तिब्बत के हिमालयी क्षेत्र से होता है। यह मानसून के दौरान बिहार के ऊपरी भाग में भारी बाढ़ की स्थिति निर्मित करती है जिस कारण इसे 'बिहार का शोक' कहा जाता है।

70. **बागमती परियोजना बिहार के किस जिले में स्थित है?**

(a) सीतामढी (b) दरभंगा

(c) गया (d) रोहतास

**Ans. (a) :** बागमती परियोजना बिहार राज्य के सीतामढी जिले में है। इसके अलावा बिहार की प्रमुख नदी परियोजना गंडक है, जो गंडक नदी पर निर्मित है।

71. **कोयला किस प्रकार का संसाधन है?**

(a) नवीकरणीय (b) अनवीकरणीय

(c) जैव (d) अजैव

**Ans. (b) :** कोयला अनवीकरणीय संसाधन है। अनवीकरणीय संसाधनों में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस प्रमुख है, जबकि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि नवीकरणीय संसाधन के अन्तर्गत आता है।

72. **बिहार राज्य जल विद्युत निगम की स्थापना कब हुई?**

(a) 1975 (b) 1980

(c) 1982 (d) 1990

**Ans. (c) :** बिहार राज्य जल विद्युत निगम की स्थापना 1982 ई. में हुई थी। बिहार राज्य में जल विद्युत निगम का मुख्य कार्य राज्य में जलीय निकायों से विद्युत उत्पादन एवं संचालन का है।

73. **लेक वालेश किस देश के नेता थे?**

(a) रूस (b) पोलैण्ड

(c) अमेरिका (d) इंग्लैण्ड

**Ans.(b):** लेक वालेश पोलैंड के सन् 1990-1995 तक राष्ट्रपति रहे। वे पोलैंड के राजनेता, ट्रेड-यूनियन संघटनकर्ता तथा मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं। वे सॉलिडैरिटी नामक ट्रेड-यूनियन के सह-संस्थापक थे। यह यूनियन सोवियत ब्लॉक की प्रथम स्वतंत्र ट्रेड-यूनियन थी। उन्हें सन् 1983 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया।

74. **लोकतंत्र की सर्वमान्य परिभाषा किसके द्वारा दी गई थी**

(a) रूसो (b) जॉन लॉक

(c) अब्राहम लिंकन (d) प्लेटो

**Ans.(c):** लोकतंत्र की सर्वमान्य परिभाषा अब्राहम लिंकन के द्वारा दी गई थी।

अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र के बारे में कहा, ''जनता के लिए, जनता की और जनता के द्वारा चलने वाली शासन व्यवस्था ही लोकतंत्र है।''

75. **लोकतंत्र में शासन कौन करता है?**

(a) जनता (b) न्यायधीश

(c) संभ्रांतवर्ग (d) प्रधानमंत्री

**Ans.(a):** लोकतंत्र में शासन जनता करती है। लोगों के पास अपनी सरकार चुनने का अधिकार होता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि लोकतंत्र शासन का एक ऐसा रूप है, जिसमें शासकों का चुनाव लोग करते हैं।

76. **बुनियादी नियमों का लिखित रूप है?**

(a) अनुच्छेद (b) संविधान

(c) अनुसूची (d) सरकार

**Ans.(b):** संविधान बुनियादी नियमों का लिखित रूप है, जिसे किसी देश में रहने वाले सभी लोग सामूहिक रूप से मानते हैं। संविधान सर्वोच्च कानून है, जिससे किसी क्षेत्र में रहने वाले लोगों (जिन्हें नागरिक कहा जाता है) के बीच के आपसी संबंध तय होने के साथ-साथ लोगों और सरकार के बीच के संबंध भी तय होते हैं।

77. **भारत में एक संक्रमणीय मत पद्धति से चुनाव किसका होता है?**

(a) भारतीय राष्ट्रपति

(b) भारतीय प्रधानमंत्री

(c) चुनाव आयोग

(d) यू.पी.एस.सी. के अध्यक्ष

**Ans.(a):** राष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व के अनुसार एकल संक्रमणीय मत और गुप्त मतदान द्वारा होता है। किसी उम्मीदवार को राष्ट्रपति के चुनाव में निर्वाचित होने के लिए, मतों का निश्चित भाग प्राप्त करना आवश्यक है। मतों का यह निश्चित भाग कुल वैध मतों की निर्वाचित होने वाले कुल उम्मीदवारों की संख्या में एक जोड़कर प्राप्त संख्या द्वारा भाग देने पर भागफल में एक जोड़कर प्राप्त होता है।

$$\text{निश्चित मतों का भाग} = \frac{\text{कुल वैध मत}}{1+1=(2)}+1$$

78. **भारत में चुनाव चिह्न कौन जारी करता है?**

(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री

(c) चुनाव आयोग (d) राज्यपाल